# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

संवत 2082, वैशाख कृष्ण 11 – मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 228 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ भारत में शहरी नक्सलवाद के इरादे

मालविका मोहनन ने खोले साउथ इंडस्ट्री के राज ◂◂ 6


# पहलगाम आतंकी हमले पर खुशी मनाने वाला मोहम्मद नौशाद झारखंड से गिरफ्तार




**संवाददाता**

**बोकारो :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर खुशी जाहिर करते हुए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान को सोशल मीडिया पर बधाई देने वाले मोहम्मद नौशाद को झारखंड में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को बोकारो के मखदुमपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया।

35 वर्षीय आरोपी मोहम्मद नौशाद ने बिहार के मदरसे में कुरान की तालीम लेकर डिग्री हासिल की है। वर्तमान में पिता के साथ बोकारो में रह रहा है। उसका एक भाई दुबई में है, जिसके नाम से आवंटित सिम कार्ड का इस्तेमाल कर नौशाद ने इंस्ट्राग्राम व एक्स (पहले ट्वीटर) और फेसबुक चलाता है। बुधवार को आतंकी हमले में मारे गए लोगों के गम में पूरा देश गम में डूबा था वहीं नौशाद रात को आतंकियों को बधाई दे रहा था। नौशाद ने एक्स पर उर्दू में लिखा, 'शुक्रिया पाकिस्तान, शुक्रिया लश्कर-ए-तैयबा, अल्लाह तुम्हें हमेशा खुश रखे। आमीन, आमीन। हमें ज्यादा खुशी होगी अगर आरएसएस, भाजपा, बजरंग दल और मीडिया को निशाना बनाया जाए।' इसके साथ उसने तीन स्माइली इमोजी के साथ अपनी खुशी भी जाहिर की। उसने इसके बाद भी कई ट्वीट किए जिनमें काफी आपत्तिजनक और भड़काऊं बातें लिखी हैं।

नौशाद के ट्वीट के बाद लोग लगातार झारखंड पुलिस को टैग करके सख्त ऐक्शन लेने की मांग कर रहे थे। आरोपी इससे पहले भी काफी भड़काऊ बातें सोशल मीडिया पर लिखता रहा है। पहले भी लोग झारखंड पुलिस से उसकी शिकायत कर चुके थे। अब पुलवामा हमले पर एक बार फिर उसने जहरीलेपन की हदें पार कर दीं। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने टेक्निकल सेल को शामिल कर इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी गठित की। एसआईटी ने रात भर के प्रयास के बाद बुधवार सुबह नौशाद को गिरफ्तार कर लिया। थाने में उससे पूछताछ चल रही है। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद उसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### पहलगाम हमले पर बोले अमित शाह

## भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले पर देशभर में रोष व्याप्त है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए मृतकोंको श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ₹भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के घटनास्थल बैसारन क्षेत्र पहुंचे। पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में वढ, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और वअए के एक-एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए।

## पहलगाम हमले के आतंकियों के स्केच जारी

**जम्मू-कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर के खूबसूरत हिल स्टेशन पहलगाम में एक दिल दहला देने वाली आतंकी वारदात ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। अनंतनाग जिले के बैसरन इलाके में पर्यटकों के एक ग्रुप पर हुए हमले में 26 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हैं।



इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। हमले के पीछे छिपे आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। घटना के बाद जांच एजेंसियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्ध आतंकियों के स्केच सार्वजनिक किए हैं। इन स्केच की मदद से हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज हो गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो इस वक्त सऊदी अरब के आधिकारिक दौरे पर थे, दौरा बीच में छोड़कर देश वापस लौट आए। जैसे ही पीएम दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे, उन्होंने वहीं पर सुरक्षा मामलों की एक आपातकालीन बैठक बुलाई, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस। जयशंकर शामिल हुए। हमले के पीछे छिपे आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। भीषण आतंकी हमले के बाद देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल है। जिस बेरहमी से आतंकियों ने निहत्थे सैलानियों को निशाना बनाया, उससे आमजन का गुस्सा फूट पड़ा है। सूत्रों के अनुसार, आतंकियों ने हमले को अंजाम देने के लिए बैसरन के घने जंगलों का रास्ता चुना था। आशंका है कि वारदात के बाद भी वे इन्हीं जंगलों से होकर किसी सुरक्षित स्थान की ओर भाग निकले। अब सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान पहलगाम के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। हेलीकॉप्टर और ड्रोन की मदद से ऊंचाई वाले इलाकों की निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों का मानना है कि स्केच जारी होने से आम जनता भी सतर्क हो सकेगी और किसी भी संदिग्ध को देखकर तुरंत जानकारी दे पाएगी। इस पूरे मामले पर राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की नजर है, और केंद्र सरकार हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा किया गया है।

## झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर हाईकोर्ट नाराज, गृह सचिव तलब

**रांची :** झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर हाइकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही गृह सचिव को उपस्थित होने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि जेल मैनुअल में सुधार और जेल में कैदियों की स्थिति से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को हुई।




मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के आलोक में अब तक झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर खंडपीठ ने कड़ी नाराजी जताई। कोर्ट ने मामले में गृह सचिव को 28 अप्रैल को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने को कहा है। हाइकोर्ट ने मौखिक कहा कि तीन महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने जेल मैनुअल से संबंधित एक आदेश पारित किया है। लेकिन तीन माह के बाद भी अब तक इसका अनुपालन झारखंड सरकार नहीं कर सकी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सभी राज्यों के लिए एक मॉडल जेल मैनुअल बनाया जाना है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि मॉडल जेल मैनुअल बनाने के लिए प्रक्रिया चल रही है, सरकार की ओर से कुछ और समय की मांग मॉडल जेल मैनुअल बनाने के लिए की गई।

## बोकारो जमीन घोटाला : ईडी की छापेमारी समाप्त, नकद सहित कई दस्तावेज जब्त

**रांची :** बोकारो जमीन घोटाला मामले में 22 अप्रैल को शुरू हुई ईडी की छापेमारी और सर्वे 23 अप्रैल को समाप्त हो गयी। छापेमारी के दौरान बिहार के बांका से 1.30 करोड़ रुपये नकद जब्त किये गये। इसके अवाला जमीन में हेराफेरी से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये।

ईडी ने बोकारो जमीन घोटाले की जांच के दौरान 17 ठिकानों पर छापा मारा और तीन ठिकानों पर सर्वे किया। छापेमारी के दायरे में राजबीर कंसट्रक्शन, जमीन की खरीद बिक्री करने वालों के साथ-साथ जमीन खरीदने वालों को भी शामिल किया गया।

इसके अलावा चास के पूर्व अंचल अधिकारियों और सब-रजिस्ट्रार को भी जांच के दायरे में रखा गया था। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में सर्वे के दौरान ईडी ने बोकारो की जमीन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये।

इसके अलावा बोकारो डीएफओ और अंचल कार्यालय में सर्वे के दौरान जमीन से जुड़े दस्तावेज और इससे संबंधित पत्र आदि जब्त किये गये।

## सऊदी से लौटते वक्त पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से नहीं गुजरे पीएम

**नई दिल्ली :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सऊदी अरब की यात्रा बीच में छोड़ दी। उन्होंने तत्काल भारत वापसी की। भारत वापसी के दौरान पीएम मोदी के विमान का मार्ग बदल दिया गया। यह विमान पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से होकर नहीं गुजरा। विमान अरब सागर के ऊपर भारतीय प्रायद्वीप से गुजरात के रास्ते दिल्ली पहुंचा। जबकि सऊदी अरब जाते वक्त विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से गुजरा था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब गए थे। मंगलवार को पहलगाम में आतंकी हमले की सूचना मिलने के बाद पीएम मोदी ने दुख जताया। इसके बाद दौरा बीच में छोड़कर उन्होंने भारत वापसी की। रिपोट्र्स के मुताबिक पीएम मोदी ने क्राउन प्रिंस के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत के बाद रात्रि भोज में हिस्सा नहीं लिया। प्रधानमंत्री आधी रात के बाद करीब दो बजे भारत के लिए रवाना हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक पीएम मोदी खाड़ी देश की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद बुधवार को स्वदेश लौटने वाले थे।

पीएम नरेंद्र मोदी का विमान जब स्वदेश लौट रहा था तो उसने रास्ता बदल लिया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक प्रधानमंत्री के भारतीय वायुसेना के बोइंग 777-300 विमान ने मंगलवार सुबह रियाद जाते समय पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र को पार किया था, लेकिन वापस आते समय बड़ा चक्कर लगाया।

वापसी में यह अरब सागर के ऊपर से सीधा उड़ान भरकर भारतीय प्रायद्वीप को पार करता हुआ गुजरात से प्रवेश करता हुआ वापस दिल्ली पहुंचा। इस मार्ग से पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से बचा गया। माना जा रहा है कि आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के लिहाज से विमान का मार्ग बदला गया। नई दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर विमान उतरने के बाद पीएम मोदी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक की। इससे पहले, पीएम मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात कर जरूरी कदम उठाने और कश्मीर पहुंचाने के निर्देश दिए।

**नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा :** पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा- मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा...उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

**पर्यटकों पर आतंकी हमला, 26 की नृशंस हत्या :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

## झारखंड में परवान चढ़ने लगी गर्मी, अगले चार दिनों तक कई जिलों में चलेगी लू, यलो अलर्ट

**रांची :** झारखंड में धीरे-धीरे गर्मी परवान चढ़ने लगा है। राज्य के नौ जिलों का तापमान 40 के पार पहुंच गया है। जबकि 12 जिलों का तापमान 38 और 39 डिग्री दर्ज किया गया है। लगातार बढ़ती गर्मी और उमस के चलते लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



भारत मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो राज्य में अगले तीन दिनों उमस भरी गर्मी रहेगी। आईएमडी ने राज्य के 11 जिलों में अगले चार दिनों 23, 24, 25 और 26 अप्रैल की दोपहर तक लू चलने की संभावना जताई है और इसके चलते यलो अलर्ट जारी किया गया है।

हालांकि 26 अप्रैल की शाम से मौसम में फिर बदलाव देखने को मिलेगा। इस दिन संथाल परगना और कोल्हान प्रमंडल में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं, गर्जन के साथ बारिश भी हो सकती है।

**23 और 24 अप्रैल : लू और उमस का कहर :** मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 23 और 24 अप्रैल को संथाल परगना, कोल्हान प्रमंडल और उत्तरी छोटानागपुर के कुछ जिलों में लू चल सकती है। इनमें साहेबगंज, गोड्डा, दुमका, पाकुड़, देवघर, जामताड़ा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो और धनबाद शामिल हैं। इन जिलों में उमस भरी गर्मी रहने की संभावना है।

25 और 26 अप्रैल की दोपहर तक की बात करें तो राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना बनी रहेगी। खासतौर पर साहेबगंज, गोड्डा, दुमका, पाकुड़, देवघर और जामताड़ा जिलों में इसका असर अधिक देखने को मिल सकता है। इन क्षेत्रों के लिए भी यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**26 और 27 अप्रैल : मौसम में राहत की उम्मीद :** मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 26 अप्रैल की शाम से राज्य के कुछ हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। खासतौर पर संथाल परगना और कोल्हान प्रमंडल में तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनकी रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी। साथ ही, गरज-चमक के साथ बारिश होने की भी संभावना जताई गयी है। 27 अप्रैल को भी यही स्थिति बनी रह सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

न्यूज IN ब्रीफ



## सिल्ली में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई

**मुरी :** आज सिल्ली राजाबाडी में क्षत्रिय महासभा सिल्ली के तत्वावधान में वीर कुंवर सिंह जंयती मनाई गई। उनके चित्र पर राजा पुष्पेन्द्र नाथ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया और सभी सदस्यों ने बारी बारी से चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।राजा पुष्पेन्द्र नाथ सिंह ने जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह बिहार के जगदीश पुर के रहने वाले थे और अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज बुलंद की।इस मौके पर क्षत्रिय महासभा के अन्य सदस्यों में एन सिंह,,सरोज कुमार सिंह,भोला नाथ सहाय, संतोष सिंह,कमल सायं, संतोष सायं, संदीप सिंह देव, शशि सिंह, किशोर सिंह देव,भरत साय शंकर सिंह, धनंजय सिंह,संजीत सिंह देव,गौरी नाथ सिंह उपस्थित थे।

## पतराहातु में सरहुल महोत्सव का आयोजन



**मुरी :** जय आदिवासी,जय सरना,जय सिंगबोंगा,जय धर्मेश,जय मारंग बुरू के उद्घोष के साथ सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्थान सिल्ली के पतराहातु में आयोजित किया गया था। आदिवासी समाज के लोग परामपारिक बेष भुषा में तैयार होकर पतराहातु सरहुल आखाड़ा में पहुंचे। आखाड़ा से उदधोष किया जा रहा था कि आदिवासी का प्राकृतिक से गहरा और पुराना रिश्ता है।ढोल नगाड़े की गूंज और कंधे पर तीर धनुष लिए महिला एवं पुरुष पारम्परिक नृत्य करते हुए आखाड़ा पुजा स्थल तक आए । जहां सभी आदिवासी महिला पुरुष मिलकर आखाड़ा के चारों तरफ मुंडारी गीत संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।मंच से मुख्य अतिथि प्रेमशाही मुंडा ने आदिवासी भाई बहनों को उनके गौरवशाली इतिहास को याद कराते हुए कहा है सरहुल महोत्सव प्राकृतिक महोत्सव है। आदिवासी को पूजा पाठ भी करना है और जल, जंगल जमीन की रक्षा भी करना है। अपने अधिकार की लड़ाई के लिए तीर धनुष को उठाने से परहेज नहीं करना है। हमें शादी विवाह पाहन से करना है, सिंगबोंगा की पूजा करना है वहीं आदिवासी के पूर्वज है आज कोई हिन्दू बन रहा है कोई मुसलमान, जमीन छीनी जा रही है हमारी सरकार रहते हमें मदद नहीं मिल रही है जो भाई बहन सरकार में रह कर भी हमारी जमीन, सांस्कृतिक को नहीं बचा सकती है उन्हें भी सबक सिखाना है। सरहुल महोत्सव मंच पर आदिवासी जन परिषद पंच परगना अध्यक्ष सिदाम सिंह मुंडा, सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष मुचीराम मांझी,लोवाहातु मानकी उतम मूंडा , ललित सिंह मुंडा,तरणी सिंह मुंडा, संतोष मुंडा,देव कुमार सिंह मुंडा,तेतला पंचायत मुखिया वीर कुंवर मुंडा,सामाज सेवक पांचुराम धासी मुंडा, सुन्दर सिंह मुंडा आसीन थे और मंच का संचालन हेमंत पातर मुंडा ने किया, अतिथियों का स्वागत शिक्षक मिलन बडाईक ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में हलधर गोंझु, संजय पातर मुंडा,भारत लोहरा,मंगल सिंह मुंडा, रितुपर्णो सिंह मुंडा, परमेश्वर बड़ाइक, रामप्रवेश पातर मुंडा शिवेशवर पातर, चन्द्र कांत पातर,सूरेश गोंझु,रास बिहारी बड़ाइक, भुगतनाथ सिंह मुंडा सराहनीय योगदान दिया।

## रिम्स में 75 वर्षीय महिला के दुर्लभ हृदय रोग का जटिल इलाज निःशुल्क

**रांची :** रिम्स के सीटीवीएस विभाग में 75 वर्षीय एक महिला के दुर्लभ हृदय रोग की सफल सर्जरी की गई। महिला वर्षों से सांस फूलने, पैरों में सूजन और तेज धड़कन की समस्या से जूझ रही थीं, उनके माइट्रल वाल्व को बदला गया। महिला स्क्लेरोडीजेनेरेटिव सिवियर माइट्रल स्टेनोसिस नामक गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थीं, जिसमें माइट्रल वाल्व के ऊतक सख्त और संकुचित हो जाते हैं, जिससे हृदय से रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है। इकोकार्डियोग्राफी और कार्डियक सीटी से रोग की पुष्टि हुई। इसके बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन का निर्णय लिया। डॉ राकेश चौधरी के नेतृत्व में सर्जरी टीम ने अत्यंत जटिल प्रक्रिया के तहत ओपन हार्ट सर्जरी कर क्षतिग्रस्त माइट्रल वाल्व को हटाकर एक जैविक (बायोलॉजिकल टिशू) वाल्व प्रत्यारोपित किया। वाल्व जर्मनी से मंगवाया गया था, जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपए है। विशेष बात यह है कि यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क की गई। आवश्यक सामग्री अमृत फामेर्सी से प्राप्त की गई। इस तरह के जैविक वाल्व की खासियत यह है कि मरीज को सर्जरी के बाद खून पतला करने की दवाएं नहीं लेनी पड़तीं। सर्जरी के बाद मरीज की हालत स्थिर है और शीघ्र ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी। सर्जरी टीम में डॉ शिव प्रिये, डॉ नितेश कुमार, डॉ रीना, डॉ पूर्वा, डॉ रवीना, डॉ पशुपति, डॉ प्रिया सहित ओटी असिस्टेंट राजेंद्र, सरोज और अभिषेक शामिल रहे। चिकित्सकों ने बताया कि यह उपलब्धि न केवल रिम्स के लिए गौरव की बात है, बल्कि राज्य में जटिल हृदय रोगों के इलाज की दिशा में एक नया आयाम भी है।

## भारतीय जनता अनुसूचित जनजाति मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन 26 अप्रैल को

**दुमका :** आगामी 26 अप्रैल, 2025 को इंडोर स्टेडियम दुमका में भारतीय जनता अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

सम्मेलन की सफलता को लेकर मंगलवार को दुमका में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद ने की तथा संचालन आदिवासी मोर्चा जिलाध्यक्ष रमेश मुर्मू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए गौरव कांत प्रसाद ने कहा सम्मेलन में आदिवासी समाज से जुड़े उन समर्पित कार्यकताओं की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए जिनकी संगठन एवं चुनावी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका रहती है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सक्रिय एवं पुराने-नए कार्यकताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

### परिवहन विभाग की समीक्षा में नाराज हुए मंत्री दीपक बिरुवा

# लक्ष्य पूरा करने के दिए कड़े निर्देश



मेट्रों रेज

**रांचीः** परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने विभागीय कामकाज की समीक्षा करते हुए सोमवार को पदाधिकारियों की कार्यशैली से नाराज दिखे. झारखंड मंत्रालय में हुई इस बैठक के दौरान राज्य अंतर्गत परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित अद्यतन स्थिति को जानकर विभागीय मंत्री नाराज हो उठे. अधिकांश जिला परिवहन पदाधिकारी निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में असफल थे. ऐसे में सभी जिला परिवहन पदाधिकारी को लक्ष्य की प्राप्ति नहीं किए जाने पर उन्हें चेताते हुए अगले माह में टारगेट पूरा करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय मंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री परिवहन कामगार योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से असंगठित क्षेत्र के समस्त परिवहन कामगारों के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने हेतु झारखंड परिवहन कल्याण बोर्ड के गठन के लिए अन्य राज्यों में लागू योजनाओं का विस्तृत अध्ययन कर राज्य में इसे लागू करने का निर्देश दिया गया. इस मौके पर राज्य की सीमा से लगने वाले 11 स्थानों पर चेक पोस्ट की स्थापना के लिए विभागीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया. साथ ही भारी मोटर वाहन प्रशिक्षण हेतु सरकार द्वारा संचालित गुरुजी प्रशिक्षित चालक योजना, जिसमें बेरोजगार युवकों को सरकार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें तेजी लाने को कहा गया.

परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अभी से योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने हेतु निर्देश दिया. साथ ही अगले तीन माह की कार्य योजना बनाकर राजस्व लक्ष्य को पूरा करने को कहा है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामगाड़ी योजना की समीक्षा की गई. इस योजना के तहत अंतिम लाभुक तक इसका लाभ पहुंचाने हेतु निर्देश दिया गया. बैठक में नवनियुक्त मोटर यान निरीक्षक को चार माह का प्रशिक्षण दिए जाने हेतु निर्देश दिया गया. समीक्षा बैठक में परिवहन सचिव विप्रा भाल, संयुक्त सचिव संगीता लाल सहित सभी जिला परिवहन पदाधिकारी मौजूद थे।

### हंटरगंज में पृथ्वी दिवस पर चलाया गया जागरुकता अभियान

# वन विभाग ने किया पौधा का वितरण



**चतरा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निदेर्शानुसार मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर हंटरगंज वन विभाग परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विधिक सहायता एवं सलाह केंद्र प्रखंड कार्यालय हंटरगंज के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हंटरगंज वन विभाग के वनपाल पवन कुमार सहित कई वनकर्मी और ग्रामीण शामिल हुए।जागरूकता कार्यक्रम में वनपाल पवन कुमार और पीएलबी कुमार विवेक रंजन एवं सरयू यादव ने पृथ्वी दिवस पर लोगों को जल जंगल और जमीन के संरक्षण पर विशेष रुप से प्रकाश डाला। लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए उत्प्रेरित किया। मानव के गलती के कारण पृथ्वी पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से भी लोगों को अवगत कराया। साथ ही कार्यक्रम में शामिल लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उक्त योजनाओं का लाभ लेने हेतु उत्प्रेरित किया गया। पृथ्वी दिवस का अवसर पर वन विभाग के द्वारा लोगों के बीच पौधा का वितरण भी किया गया।

### राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 68वां सम्मेलन बारबाडोस में आयोजित होगा

# 6 से 13 अक्टूबर तक होगा आयोजित कार्यक्रम

**रांचीः** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 68 वां सम्मेलन बारबाडोस में आयोजित होगा. इस बैठक में शामिल होने को लेकर आज विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक बैठक हुई.

इस बैठक की शुरूआत विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो के संबोधन से हुई. विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की स्थापना वर्ष 1911 में हुई थी.



उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 56 देशों का भव्य संगठन बनकर आज यह उभरा है जो संयुक्त राष्ट्र संघ के बाद दूसरा सबसे बड़ा संगठन है. उन्होंने कहा कि सुशासन लोकतंत्र एवं मानव अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए तथा कानून निर्माण के लिए यह मार्गदर्शन प्रदान करता है.

उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जैसे बड़े संगठन में हम अपनी उपस्थिति दर्ज कराने तक सिमित न हों बल्कि ऐसे बड़े सम्मेलन से राष्ट्र की तरक्की में हम अपनी भागीदारी किस तरह निभा पाये इस पर भी हमें सोचना चाहिए. राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा में 137 सदस्य हैं

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा में 137 सदस्य हैं. इसमें वर्तमान विधानसभा सदस्यों के साथ-साथ पूर्व विधायक भी बतौर सदस्य होते हैं।

## पहलगाम का आतंकी साया रांची पर छाया स्टेशन-एयरपोर्ट के चप्पे-चप्पे की चौकसी बढ़ी



संवाददाता

**रांची :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर रांची एयरपोर्ट हाई अलर्ट पर रहा। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन की भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। मंगलवार की रात 10:30 बजे के दौरान एयरपोर्ट पर आगमन वाले मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। इस मार्ग पर लगे गेट पर ताला नजर आया। रांची रेल मंडल में सुरक्षा सख्त करने का निर्देश रेल खुफिया एजेंसी एसआईबी की ओर से मिलने के बाद से आरपीएफ की टीम अलर्ट मोड में दिखी। रांची रेलवे स्टेशन के बाहर फुटपाथ पर मौजूद यात्रियों से गहराई से पूछताछ की जाती रही।

रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर लगे स्क्रीनिंग मशीन से भी हर यात्री के साथ उपलब्ध सामान, बैग, सूटकेश और ट्राली बैग समेत थैला, बैग तक की जांच की जा रही थी। स्टेशन पर रूटीन जांच के अलावा निगरानी रखने के मामले में तेजी आई है। जीआरपी एवं आरपीएफ की टीम स्टेशन परिसर में मौजूद हर यात्री की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए दिखे। स्टेशन परिसर में ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के तैनात जवान भी मुस्तैद दिखे। एयरपोर्ट के प्रस्थान वाले मार्ग से अंदर प्रवेश करने पर टर्मिनल भवन के बाहर प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के दो जवान सुरक्षा करते दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि रांची एयरपोर्ट से विमान की आवाजाही बंद हो चुकी है। सभी यात्री जा चुके हैं। साथ ही यह भी बताया कि प्रस्थान गेट पर सीआईएसएफ के जवानों की तैनाती की गई है।

वहां जाने पर सीआईएसएफ के चार हथियारबंद जवान हाई अलर्ट को लेकर सुरक्षा के प्रति मुस्तैद दिखे। एयरपोर्ट से वापसी के क्रम में प्रस्थान मार्ग का गेट भी बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट में कार्यरत लोगों के लिए यहां बड़े पार्किंग पर स्थित थाना के सामने से मार्ग खुला रहा।

हालांकि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट जानेवाली सड़कों पर राज्य पुलिस की गश्ती नजर नहीं आई। वहीं एयरपोर्ट के अंदर चहारदीवारी से लगे टावरों पर सीआईएसएफ कर्मी एयरपोर्ट के बाहर की गतिविधियों की निगरानी करते नजर आए। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से प्रतिदिन सुबह 7:20 से लेकर रात 9:05 बजे तक विमानों की आवाजाही होती है। मंगलवार की रात रांची से कोलकाता विमान के 9:15 बजे उड़ान भरने के बाद एयरपोर्ट से विमानों की आवाजाही बंद हो गई।

रेल प्रशासन के अनुसार बुधवार को आगे के लिए ठोस निर्देश रांची रेल मंडल को दिया जाएगा। इसके बाद जारी गाइड लाइन के मुताबिक सुरक्षा व्यवस्था और सख्त की जाएगी।



## अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

**दुमका** : झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सह देवघर विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक सुरेश पासवान ने मंगलवार को स्थानीय परिसदन में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को अपने प्रश्नों को समिति को लिखित में एवं सटीक उत्तर उपलब्ध कराने के निदेश दिया। समिति ने ग्रामीण विकास विभाग, सड़क, जल संसाधन, स्वास्थ्य, विद्युत, पंचायती राज, पर्यटन भूमि संरक्षण, विशेष प्रमंडल सहित कई विभागों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उन्होंने सुदूर क्षेत्रों में पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित को दिया। इस दौरान उन्होंने जिलांतर्गत बनने वाले सड़क की जानकारी ली और निर्धारित समय अंतराल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में पर्यटन स्थल को विकसित करने की बात भी कही गई। मौके पर उप विकास आयुक्त, निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता सहित अन्य विभिन्न विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### लावालौंग के सुदूरवर्ती इलाकों में भगवान भरोसे चल रही शिक्षा व्यवस्था

# अधिकांश पारा शिक्षक बन बैठे हैं व्यवसाई और ठेकेदार

- स्कूल से रहते हैं फरार,आपत्ति करने पर गाली गलौज से भी नहीं आते बाज
- पारा शिक्षकों की दबंगई से त्रस्त मंधनियां स्कूल के शिक्षक व ग्रामीण

संवाददाता

**चतरा :** जिले के लावालौंग प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में कार्यरत अधिकांशतः पारा शिक्षक अन्य व्यवसाय में जुड़े हैं। नतीजा यह है कि विद्यालय में इन्हें महज हाजिरी बनाने से मतलब है। जब बिना पढ़ाए ही वेतन मिल जाना है तो पढ़ाने से क्या फायदा। आश्चर्य तो तब होता है जब सबकुछ जानकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तक रहस्यम रूप से मौन रहते हैं।ताजा मामला प्रखंड के मंधनियां स्कूल से आया है।जहां के दो पारा शिक्षकों की दबंगई से सभी शिक्षक,ग्रामीण व बच्चे त्रस्त हैं। आरोप है कि यहाँ पदस्थापित पारा शिक्षक राजेंद्र प्रसाद केशरी एवं उपेन्द्र प्रसाद केशरी शिक्षक के हर मयार्दा को लांघ कर बैठ गए हैं।दुर्व्यवहार से हार थककर ग्रामीणों नें मिडिया का सहारा लेते हुए स्कूल निरीक्षण का अनुरोध किया।इस पर पत्रकारों की टीम ने स्कूल एवं गांव के टोले मोहल्ले में घूमकर स्थिति का जायजा लिया।इस दौरान अचंभित करने वाले उक्त दोनों पारा शिक्षकों की दबंगई की दास्तान खुलकर सामने आई।मौके पर से राजेंद्र प्रसाद केशरी एवं उपेन्द्र प्रसाद केशरी स्कूल से गायब पाए गए।इस विषय पर प्रभारी प्रधानाध्यापक रविशंकर विमल,प्रबंधन समिति अध्यक्ष गोलू गंझू एवं अन्य शिक्षकों से पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि राजेंद्र प्रसाद केशरी एवं उपेन्द्र प्रसाद केशरी के ऊपर हमारे कहने पुछने का कोई असर नहीं होता है।उल्टा उन दोनों के द्वारा हमारे साथ ही गाली ग्लौज और अभद्र व्यवहार किया जाता है।आगे उन्होंने बताया कि ये दोनों शिक्षक स्कूल में आकर केवल हाजिरी बनाते हैं और खाना पूर्ति करके स्कूल से




निकल जाते हैं।ना ही उनके द्वारा कोई आवेदन दिया जाता है और ना ही कोई सूचना।इधर प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष बाली गंझू ने बताया कि मेरे कार्यकाल में भी इनका रवैया ऐसा ही रहता था।जब मैं इन दोनों का उपस्थिति काटता था तो दोनों गांव में घूम घूमकर ग्रामीणों को मेरे प्रति गुमराह कर मुझसे ही उलझन पैदा करवा देते थे।लाख कोशिश के बाद भी इनके रवैये में सुधार नहीं हुआ। राजेंद्र प्रसाद केशरी के द्वारा ग्रामीणों को योजनाबद्ध तरीके से गुमराह के कारण मुझे अध्यक्ष पद से हटना पड़ा।इधर ग्रामीणों नें बताया कि एक बार बैठक कर सरकारी शिक्षकों एवं ग्रामीणों नें निर्णय लिया था कि अब से स्कूल शुरू होने से लेकर छुट्टी होने तक मुख्य गेट पर ताला लगा दिया जाएगा ताकि स्कूल समय में कोई भी शिक्षक या बच्चा स्कूल से बाहर ना जाए।इससे खिसियाकर पारा शिक्षकों नें गुटबाजी करके सभी सरकारी शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी तक दे दिया था।शिक्षकों नें बताया कि हम अपने बाल बच्चों से सैकड़ों किलोमीटर दूर रहकर सुदूरवर्ती क्षेत्र में सेवा दे रहें हैं और हमलोगों के पास जानमाल को बचाने का कोई सूरक्षा व्यवस्था भी नहीं है।ये लोग शिक्षक की मयार्दा का उल्लंघन करके हमेशा धमकी देते हैं। हमारे साथ कभी भी कोई अनहोनी होने के डर से मानसिक दबाव झेलकर भी हम कुछ बोल नहीं पाते हैं और ना ही विभाग को सूचित करने का हिम्मत जुटा पाते हैं।उक्त विषय की जानकारी देते हुए मंधनियां मुखिया दहनी देवी नें बताया कि पूर्व में इनके रवैये को लेकर मैं बैठक भी किया जा चुका है और हाजिरी भी काटा गया है। फिर भी आए दिन इनके रवैये का शिकायत मुझे मिलती रही है। मुखिया ने विभाग से अपील करते हुए कहा है कि इनके उदंडतापूर्ण और दबंगई भरे व्यवहार से बच्चों का भविष्य बर्बाद होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने विभाग से इनपर कारवाई करते हुए अविलंब स्कूल से हटाते हुए कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।वहीं पारा शिक्षक उपेन्द्र प्रसाद केशरी नें बताया कि कभी कभार सोमवार को कुछ समय के लिए घर आ जाता हूँ।परंतु हाजिरी बनाकर स्कूल से गायब रहने का रवैया राजेंद्र प्रसाद केशरी का है।इधर राजेंद्र प्रसाद केशरी से संपर्क किए जाने का प्रयास किया गया,परंतु संपर्क नहीं हो पाया।इस मामले में बीडीओ विपिन कुमार भारती एवं शिक्षा विभाग के बीपीओ ईश्वर राम ने बताया कि शीघ्र ही गहनता से जांच करते हुए दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### स्वीडन और स्पेन दौरे पर हेमंत सरकार

# विदेशी निवेशकों ने झारखंड में निवेश की दिखाई रुचि



संवाददाता

**रांची:** विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए इन दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्वीडन और स्पेन दौरे पर है। इस क्रम में राज्य सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर कई क्षेत्रों में विदेशी निवेश के प्रस्ताव मिल रहे हैं।

बार्सिलोना में आयोजित बैठक के दौरान राज्य सरकार को फुटबॉल क्लब ने यहां के खेल के विकास, विशेषकर फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव दिया है। यह सहयोग बार्सिलोना के उत्कृष्ट खेल इकोसिस्टम, झारखंड में खेल खास कर फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देगा।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस यात्रा के क्रम में स्टार्टअप मेंटरशिप, क्लीन एनर्जी, पर्यावरणीय स्थिरता, सप्लाई चेन, बायो-फार्मास्यूटिकल्स, खेल विपणन, क्रिकेट टीम ओनरशिप, डीप-टेक बी2बी मार्केटिंग, लीगल, डेंटिस्ट्री और मेडटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए और झारखंड में एक जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जताई है।

जानी मानी कंपनी टेसला ने राज्य में निवेश की इच्छा जताई है। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने टेसला ग्रुप ए.एस। (चेकोस्लोवाकिया) के सीईओ एवं सह-संस्थापक डुशान लिचार्डस से भी भेंट की है। उन्होंने झारखंड में एक गीगा फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जो वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों के असेंबली पर केंद्रित होगी। यह संयंत्र नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में कंपनी के रोमानिया के ब्रेइला में किए गए निवेश के समान होगा।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद, बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि, सहयोग की दिशा में ठोस प्रगति हो सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों एवं विशेषज्ञों से भी मुलाकात की।

# सोनट प्रीमियर लीग 2025-26 : थंडर्स की धमाकेदार जीत, अवेंजर्स को 17 रन से दी मात




संवाददाता

**रांची :** सोनट प्रीमियर लीग 2025-26 के सातवें मुकाबले में सोनट थंडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोनट अवेंजर्स को 17 रन से शिकस्त दी। मुकाबला रोमांचक रहा, लेकिन थंडर्स के गेंदबाजों ने अंत में बाजी मार ली।

सोनट मैदान पर हुए इस मुकाबले में थंडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए थंडर्स ने 20 ओवरों में 157 रन पर 8 विकेट गंवाए। टीम के लिए रोहित आर्यन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 रन (37 गेंद) बनाए, वहीं राजा बाबू ने भी 32 रन (26 गेंद) का उपयोगी योगदान दिया।

अवेंजर्स की ओर से गेंदबाजी में आयुष राज ने 4 ओवर में 37 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि लक्ष्य सिन्हा ने 2 विकेट हासिल किए।

जवाब में सोनट अवेंजर्स की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ. 140 रन ही बना सकी। हिमांशु गुप्ता ने 44 रन (33 गेंद) और यमुना झा ने 28 रन (17 गेंद) की पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।

थंडर्स की ओर से गेंदबाजी में हृतिक ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ.18 रन देकर 4 विकेट झटके। शिवम कृष्णा ने 3 विकेट और पंकज कुमार ने 2 विकेट लेकर अवेंजर्स की पारी को रोक दिया। इस जीत के साथ सोनट थंडर्स ने अंक तालिका में दो महत्वपूर्ण अंक अपने नाम किए और टूनामेंट में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है।

# पांच से आठ मई तक होगा स्कूल सर्टिफिकेशन, 750 स्कूल होंगे शामिल

**रांची :** झारखंड सरकार स्कूल सर्टिफिकेशन योजना की शुरूआत कर रही है। पांस से आठ मई तक राज्य के 750 स्कूलों का प्रथम चरण में मूल्यांकन किया जाएगा। स्कूल सर्टिफिकेशन में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालय और 345 पीएमश्री विद्यालयों को शामिल किया जाएगा। राज्य के सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता को नया आयाम देने और विद्यालयों के बीच स्वस्थ और पारदर्शी प्रतिस्पर्धा विकसित करने के लिए स्कूल सर्टिफिकेशन का कार्य वर्ष में दो बार किया जायेगा। पहला अप्रैल और दूसरा अक्टूबर महीने में होगा। 1000 अंकों का यह मूल्यांकन होगा। 600 अंक छात्रों के सीखने के परिणामों का आकलन के आधार पर मिलेंगे। इससे उनकी शैक्षणिक प्रगति का सटीक मूल्यांकन हो सकेगा। वहीं, 400 अंक स्कूल के बुनियादी ढांचे, सुरक्षा व्यवस्था, सामुदायिक भागीदारी, विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता, पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और प्रभावी विद्यालय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित होंगे। आगामी पांच वर्षों में 7000 विद्यालयों का प्रमाणीकरण करना है। विद्यालय प्रामाणिकरण के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी जिलों के डीईओ और डीएसई को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने पत्र भेज दिया है।

**विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल को उत्कृष्ट बनाना है :** उमाशंकर सिंह शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रमाणीकरण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल को उत्कृष्ट बनाना है, ताकि विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक व्यवस्था उपलब्ध हो सके। विभाग द्वारा पूर्व में भी विद्यालय प्रमाणीकरण कार्यक्रम किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यालयों ने भाग लिया और प्राप्त परिणाम के आधार पर विद्यालयों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज में चयनित किया गया है। विद्यालय प्रमाणीकरण कार्यक्रम थर्ड पार्टी के माध्यम से प्रारंभ किया जा रहा है। विद्यालयों में न्यूनतम 75 प्रतिशत की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**स्कूल अन्य विद्यालयों के लिए बनेंगे मिसाल :** शशि रंजन

झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक शशि रंजन ने कहा कि स्कूल सर्टिफिकेशन में स्कूल के वातावरण और प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है। गोल्ड श्रेणी के स्कूल अन्य विद्यालयों के लिए मिसाल बनेंगे। स्कूल प्रमाणीकरण से विद्यालय लगातार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकेंगे। प्रमाणीकरण में स्कूल में बच्चो की उपस्थिति एक महत्वपूर्ण घटक है। इस प्रमाणीकरण के केंद्र में स्कूली बच्चे हैं। स्कूल प्रमाणीकरण में सभी शिक्षक उत्साह के साथ भाग लें।

**विद्यालय प्रमाणीकरण की प्रक्रिया और तैयारी :** स्कूल प्रमाणीकरण में छात्रों का असेसमेंट कक्षावार किया जायेगा। कक्षा 1-8 तक के छात्रों का असेसमेंट हिन्दी, अंग्रेजी और गणित, कक्षा 9-10 के छात्रों का असेसमेंट भाषा, गणित, विज्ञान और सामजिक विज्ञान, कक्षा 11 और 12 के छात्रों का असेसमेंट विज्ञान, वाणिज्य व कला विषय में किया जाएगा। सभी असेसमेंट ओएमआर शीट पर होंगे। कक्षा 1 से 3 के छात्र प्रश्नपत्र पर ही उत्तर लिखेंगे।

# जेएसएलपीएस की वार्षिक बैठक, महिला सशक्तिकरण और योजनाओं पर चर्चा



संवाददाता

**रांची :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की दो दिवसीय वार्षिक समीक्षा और योजना बैठक 22 अप्रैल को रांची के प्रोजेक्ट भवन में शुरू हुई। आज 23 अप्रैल को बैठक का दूसरा और अंतिम दिन है। संस्था की सीईओ आईएएस कंचन सिंह बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। बैठक का उद्देश्य सभी जिलों में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और नए कामों की योजना बनाना है। बैठक में खास तौर पर महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। पहले दिन सभी 24 जिलों के अधिकारियों ने पिछले साल (2023-24) में हुए कामों की जानकारी दी और बताया कि आने वाले साल (2024-25) में किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। बैठक में रोजगार, वित्तीय मदद, गैर-कृषि काम, सामाजिक विकास, कौशल विकास प्रशिक्षण, महिलाओं और कमजोर वर्गों की योजनाएं, निगरानी और वित्त जैसे कई विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर जेएसएलपीएस के सीओओ, विभागीय प्रमुख, राज्य और जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद थे। सभी ने मिलकर योजनाओं की प्रगति और भविष्य की दिशा पर विचार किया।

# झारखंड में दर्जनभर छात्रों को यूपीएससी में मिली सफलता

संवाददाता

**रांची :** संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में एक बार फिर झारखंड के युवाओं ने सफलता का परचम लहराया है। इन मेधावियों ने यह साबित किया है कि झारखंड प्रतिभा के मामले में भी धनी है। इस परीक्षा में 17वीं रैंक लाने वाली संस्कृति की पढ़ाई-लिखाई भी रांची में हुई है। देर शाम तक की जानकारी के अनुसार झारखंड के करीब दर्जनभर छात्रों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। कई साधारण परिवार को बच्चों ने भी अपना परचम लहराया है। इसमें गढ़वा के किसान परिवार की बेटी छाया कुमारी और बोकारो में समाचार पत्र विक्रेता के बेटे राजकुमार महतो शामिल हैं।

**जेवीएम श्यामली से पढ़ीं हैं संस्कृति :** रांची के जेवीएम श्यामली स्कूल से पढ़ाई करने वाली संस्कृति त्रिवेदी को यूपीएससी में ऑल इंडिया 17वीं रैंक मिली है। मूल रूप से बिहार के जमुई की रहने वाली संस्कृति ने नर्सरी से 12वीं तक की पढ़ाई इसी स्कूल से की है। उन्होंने स्नातक दिल्ली के गार्गी कॉलेज से किया है। मास्टर्स की पढ़ाई जेएनयू दिल्ली से की है। वह इस समय इंडियन डिफेंस अकाउंट सर्विस में हैं। ट्रेनिंग के लिए शिमला में हैं। संस्कृति के पिता 2017 तक रांची मेकॉन में पदस्थापित थे। बाद में उनका स्थानांतरण भिलाई हो गया था।

**दुमका के सौरभ सिन्हा की आई 49वीं रैंक :** दुमका अधिवक्ता संघ के प्रधान लिपिक प्रियव्रत सिन्हा उर्फ पिंटू के पुत्र सौरभ सिन्हा ने यूपीएससी की परीक्षा में 49वां रैंक प्राप्त कर दुमका जिला का नाम रौशन किया है। सौरभ दुमका शहर के रसिकपुर गोपाल मंदिर के पीछे का निवासी है। वह दो भाईयों में सबसे बड़ा है। उसने इंटर तक की पढ़ाई दुमका के एक निजी विद्यालय ग्रीन माउंट स्कूल से पूरी की। इंटर करने के बाद सौरभ ने बीटेक की पढ़ाई आईआईटी खड़गपुर से पूरी की। आईआईटी करने के बाद फिटजी रांची में नौकरी मिल गई।

**ऋत्विक वर्मा की आई 115वीं रैंक :** जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के पूर्व छात्र ऋत्विक वर्मा ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया 115वां रैंक हासिल कर झारखंड को गौरवान्वित किया है। ऋत्विक ने दिल्ली विवि से भूगोल विषय से स्नातक किया था और वे दिल्ली से ही यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

**विद्यांशु को 59वीं और शुभम को 678वीं रैंक :** रांची के दीपाटोली में रहने वाले विद्यांशु झा को 59वीं रैंक मिली है। विद्यांशु मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। उन्होंने डीएवी बरियातू से अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त की है। रांची के शुभम कुमार ने 678वीं रैंक हासिल की है। शुभम रांची कचहरी के पास रहते हैं। इन विद्यार्थियों की सफलता के बाद इनके परिजनों के अलावा राज्यभर के लोगों में खुशी की लहर है।

## पार्किंग को लेकर नगर प्रशासन ने चलाया निरीक्षण अभियान

**रांची :** रांची की ट्रैफिक व्यवस्था, अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर नगर प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में निरीक्षण अभियान चलाया। यह विशेष अभियान रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमें ट्रैफिक एसपी डॉ। केलास कस्माली समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान गोपाल कॉम्प्लेक्स, पंचवटी टावर और परिवार हाईट्स जैसे प्रमुख भवनों की निजी पार्किंग की तत्काल जांच के निर्देश दिए गए। साथ ही व्यावसायिक भवनों में पार्किंग क्षेत्र का दुरुपयोग (जैसे दुकानों या गोदामों में परिवर्तन) पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। निमार्णाधीन भवनों में बिना स्वीकृत भवन योजना के निर्माण पर रोक लगाने, सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग और दुकानों के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। निगम, इंफोर्समेंट टीम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा मिलकर संयुक्त पार्किंग पुलिस ड्राइव भी चलाई गई। डेली मार्केट में अतिक्रमण कर बैठे दुकानदारों और फल विक्रेताओं को हटाया गया, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिली। वहीं अनुनय प्लाजा और डेली मार्केट में पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण कर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

## सदर अस्पताल में दंत चिकित्सा शुरू, तीन सफल इंप्लांट किए

**रांची :** रांची सदर अस्पताल में मंगलवार को दंत चिकित्सा की शुरूआत के साथ यहां एक एडेंटुलस (बिना दांतों वाले) मरीज को तीन तत्काल दांत इंप्लांट किए गए। इलाज एमडीएस विशेषज्ञ डॉ रवि राज के नेतृत्व किया गया। इस तरह सदर अस्पताल राज्य का पहला जिला अस्पताल बन गया है, जहां अत्याधुनिक दंत इंप्लांट सेवा शुरू की गई है। इसके साथ ही अस्पताल ने कई नामचीन मेडिकल कॉलेजों को भी पीछे छोड़ दिया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार जल्द ही दंत इंप्लांट यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ प्रभात ने बताया कि निजी अस्पतालों में एक दंत इंप्लांट की कीमत 30,000 से 80,000 तक होती है। ऐसे में यहां इसका लाभ काफी कम लागत पर दिया जाना लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

## फायरिंग में बाल-बाल बचा दुकानदार

**रांची:** राजधानी रांची के हिनू चौक पर मंगलवार देर रात फायरिंग हुई। दुकानदार सोनू यादव पर फायरिंग की गई जिसमें वो बाल-बाल बच गया लेकिन घायल हो गया। घटना रात 10.15 बजे की बताई जा रही है। मंगलवार रात सोनू यादव अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, तभी एक युवक आया और उसको निशाने पर रखते हुए फायरिंग कर दी। लेकिन गोली सोनू को नहीं लगकर दुकान के शीशे पर जा लगी। गोली लगने से शीशा के टुकड़े इधर उधर उड़ा जिससे सोनू घायल हो गया। सोनू के चेहरे और गर्दन पर शीशे टुकड़े उड़कर लग गये और वो घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद डोरंडा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पुलिस ने वहां से एक खोखा बरामद किया। वहीं पूछताछ में सोनू यादव ने पुलिस को बताया कि गोली चलाने वाले युवक का नाम अमन कुमार यादव है। सोनू ने बताया कि पारिवारिक विवाद की वजह से उसपर गोली चलाई गई है। सोनू के बयान के बाद पुलिस ने अमन कुमार यादव की तलाश शुरू कर दी है।

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना





नाग– हलिमा खातुन, उम्र–30 वर्ष, रंग–सांवली, ऊँचाई–5 फीट 3 इंच, पुत्री आशिया परवीन रंग–सांवला, उंचाई–3 फिट 5 ईंच।

पहनावा– सुगा पंखी रंग का फ्रॉक, काला प्लाजो पाजामा तथा ऊपर से नकाब, पैर में चप्पल पहनी है, पुत्री का पहनावा–गुलाबी रंग का फ्रॉक, पैर में चप्पल पहनी है।

उपरोक्त लापता महिला हलिमा खातुन, उम्र 30 वर्ष, पति–एजाज अंसारी, सा0–ईरबा, थाना–ओरमाँझी, जिला–राँची जो दिनांक– 08.04.25 को अपने 07 वर्ष की पुत्री आशिया परवीन के साथ अपने घर से दांत के डॉक्टर को दिखाने की बात कहकर निकली है, जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में ओरमाँझी थाना सनहा संख्या–15/2025, दिनांक– 09.04.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID** (mc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। – 9431770066
थाना प्रभारी ओरमाँझी राँची। – 9431706183

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 350825 Police (25-26)_D

## घूस लेते रोजगार सेवक को एसीबी ने किया गिरफ्तार



**पलामू:** एसीबी की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गढ़वा से रोजगार सेवक को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह पंचायत के रोजगार सेवक गुलजार अंसारी 5000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गये। एसीबी की टीम उन्हे गिरफ्तार कर अपने साथ लेकर पलामू चली गई है।

## डीसी ने की उद्योग विभाग की समीक्षा

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज उद्योग विभाग लोहरदगा अंतर्गत वर्ष 2024-2025 में संचालित योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की गयी। समीक्षा में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, पीएमएफएमई अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य व उपलब्धि पर चर्चा की गई। साथ ही, पीएम विश्व कर्मा अंतर्गत उपलब्धि पर चर्चा की गई। पीएमएफएमई में उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त द्वारा जिला समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न बैंकों द्वारा केसीसी ऋण वितरण की समीक्षा की गई और केसीसी ऋण स्वीकृत नहीं करने वाले बैंक प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि और केपीआई के प्रगति की भी समीक्षा की गई।

सभी बैंक प्रबंधकों को प्रखण्ड परिसर में अपने-अपने बैंक का मिनी बैंक खोलने के लिए प्रखंड परिसर में स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया और इच्छुक बैंकों से आवेदन आमंत्रित किये गए। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जीएम जिला उद्योग केंद्र रघुवर सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड समेत विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधक/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पहलगाम आतंकी हमला: इंसानियत को झकझोर देने वाली त्रासदी : दीपिका पाण्डेय सिंह



**रांची :** पहलगाम, जम्मू-कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से मन गहरे शोक और आक्रोश से भरा हुआ है। यह हमला केवल कुछ व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि हमारे समाज, हमारी इंसानियत और हमारे साझा मूल्यों पर सीधा वार है। जो लोग छुट्टियां मनाने, सुकून के कुछ पल जीने पहलगाम पहुंचे थे, उन्हें इस क्रूरता का शिकार बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। इस निर्मम हमले में जान गंवाने वालों को मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। इस दुख की घड़ी में मैं पूरे दिल से शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़ी हूँ। यह एक ऐसा जख्म है जिसे शब्दों से नहीं भरा जा सकता। मैं केंद्र सरकार से अपील करती हूँ कि इस घिनौने कृत्य में शामिल आतंकियों को तत्काल पकड़कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस देश की हर नागरिक को न्याय और सुरक्षा का भरोसा मिल सके। आतंक के खिलाफ हमारी लड़ाई और भी सशक्त होगी – यह संकल्प है, डरने का नहीं, डट कर खड़े होने का समय है।

## अग्रसेन भवन में मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक कल

**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के वरिष्ठ सदस्यों, जिला अध्यक्षों और जिलामंत्री की बैठक गुरुवार को अग्रसेन भवन में होगी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। मुख्य रूप से 27 अप्रैल को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष के चुनाव के लिए धनबाद जिले में होने वाले पुनर्मतदान पर विस्तृत चर्चा होगी।

### पोषण पखवाड़ा का जिला स्तरीय समारोह का हुआ समापन

# सही पोषण देश रोशन को लेकर जन जागरूकता लाने की अपील



**चतरा :** 08 अप्रैल, 2025 से 22 अप्रैल, 2025 तक चलाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का जिला स्तरीय समापन मंगलवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में संपन्न हुआ।उक्त आयोजन विभाग द्वारा प्रदत्त कैलेण्डर के अनुरुप विभिन्न सहयोगी विभाग के समन्वय से जिलान्तर्गत सभी आंगनबाडी केन्द्रों में किया गया था।समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित हुए। इसके अलावा कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी , आरसीएच० पदाधिकारी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू उपस्थित हुए।कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी, जिप उपाध्यक्ष, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।तदोपरान्त जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के थीम यथा-'जीवन के पहले हजार दिवस का महत्व', 'लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना', 'समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन सज्य भर में सॅल आउट' एवं 'बच्चों में मोटापे को नियंत्रण करने हेतु स्वस्थ जीवन शैली अपनाना' की महत्ता सभी उपस्थित के साथ साझा की गयी साथ ही पोषण की महत्ता को भी साझा किया गया।उप विकास आयुक्त ने गर्भवती महिलाएँ एवं धात्री माताओं को सुनहरे 1000 दिन पर चर्चा करते हुए पोषण की महत्ता को साझा किया।

## सुविचार

**मेहनत अगर आदत बन जाए, तो सफलता ही तकदीर बन जाती है।**

# अनुचित और अमर्यादित

कुछ समय पहले तक उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुप्रीम कोर्ट को लेकर की गई टिप्पणियों की चर्चा होती रही है। कहा गया कि इससे न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव सार्वजनिक हुआ है। चर्चा रही कि इससे जनमानस में अविश्वास व भ्रम की स्थिति बनती है। अब इस टिप्पणी से उत्साहित होकर भाजपा के दो सांसदों ने लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण स्तंभ पर अमर्यादित ढंग से निशाना साधा है। उस महत्वपूर्ण स्तंभ पर जिसका कार्य संविधान की गरिमा बनाना और न्याय सुनिश्चित करना है। दरअसल, विधानसभाओं में विधेयकों को मंजूरी देने के लिये समय सीमा तय करने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि ह्यकोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं ह्व वहीं दूसरी ओर लोकसभा में झारखंड के गोड्डा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद निशिकांत दुबे ने भी चिंताजनक ढंग से तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाने का काम अपने हाथ में ले ले तो संसद और राज्य विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। यहां तक कि उन्होंने देश के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को भी नहीं बख्शा और उन्हें देश को गृह युद्ध की ओर धकेलने वाला बताया। इतना ही नहीं, कुछ समय उपरांत उन्होंने अपने बयान को और हल्का करते हुए कहा कि एक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ह्यमुस्लिम आयुक्तह्व की भूमिका में रहे हैं। बहुत संभव है कि दोनों भाजपा नेताओं ने पार्टी में अपना कद बढ़ाने के मकसद से ऐसे बयान दिए होंगे। यह भी कि उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा को बड़ा करके दिखाने का ही प्रयास किया। उन्हें लगता है कि शायद पार्टी उन्हें उनकी वफादारी के लिये पुरस्कृत करेगी। लेकिन भगवा पार्टी ने उन्हें सिर्फ फटकार ही लगाई है। वहीं दूसरी ओर पार्टी ने खुद को उनकी व्यक्तिगत टिप्पणियों से अलग रखने की बात कही है। निस्संदेह भाजपा को लोकतंत्र के अभिन्न अंग के रूप में न्यायपालिका के प्रति अपने सम्मान की भी पुष्टि करनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर विपक्ष का कहना है कि जब तक दोनों भाजपा नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है, तब तक भाजपा का यह दावा अविश्वसनीय ही बना रहेगा। पहले भी भाजपा के शीर्ष नेताओं ने तब भी उस बयानबाजी को प्रश्रय नहीं दिया, जब आक्रामक बयानबाजी करने वाली सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने अनर्गल बयानबाजी की थी। उल्लेखनीय है कि प्रज्ञा ने महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहकर हंगामा कर दिया था। तब भी पार्टी ने बस इतना किया था कि उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था और संसदीय पैनल से हटा दिया था। तब उन्होंने दो बार लोकसभा में माफी भी मांगी थी। कालांतर समय के साथ मामला शांत हो गया था। जैसा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को उम्मीद भी थी। लेकिन इस बार भी यदि ऐसा ही नतीजा सामने आता है तो यह उचित नहीं कहा जा सकता। यह देखते हुए कि दुबे और शर्मा ने मयार्दा की एक सीमा रेखा को पार किया है ,यह स्पष्ट रूप से न्यायालय और संविधान की अवमानना के दायरे में है। जिसके लिये उन्हें क्षमा नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, ऐसे अप्रिय विवादों से जनता में न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव का नकारात्मक संदेश जाता है। जिससे अनावश्यक संवैधानिक संकट की स्थिति भी बन सकती है। जनता में लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभों को लेकर अविश्वास का भाव पैदा नहीं होना देना चाहिए। दरअसल, ऐसे अनावश्यक विवादों से किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं की जा सकती। बल्कि तल्ख बयानबाजी से बेकार की बहस बढ़ने की आशंका ही बलवती होती है। खासकर संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को तो ऐसी बयानबाजी से परहेज करना ही चाहिए। दरअसल, संविधान ने न्यायपालिका को कुछ ऐसे अधिकार दिए हैं कि जब पूर्ण न्याय के लिये कोई अन्य रास्ता नहीं बचता, तब वह विशिष्ट अनुच्छेदों से मिली शक्तियों का प्रयोग कर सकती है। दूसरे शब्दों में इसे उम्मीद के एक दरवाजे के रूप में ही देखा जाना चाहिए।

# बिजली का खेल

सही मायनों में हमें हर किसी मुफ्त चीज की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही सिद्धांत किसी देश व राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी लागू होता है। लोकलुभावन राजनीति के चलते वोट जुटाने के लिये जिन मुफ्त की योजनाओं को पंजाब में लागू किया गया, उसने राज्य की तरक्की की गति को कुंद ही बना दिया है। वैसे भी देखा जाए तो किसानों को लुभाने के लिये पंजाब में जो मुफ्त बिजली का खेल खेला गया था, वह कृषि के विकास में सहायक साबित नहीं हो रहा है। सही मायनों में यह लोकलुभावन दांव जड़ता का प्रतीक बनकर रह गया है। वर्ष 1997 में छोटे किसानों के लिये लिए शुरू किया गया बिजली सब्सिडी खेल, महज वोट बटोरने का साधन बनकर रह गया है। सच बात तो यह है कि कोई भी राजनीतिक दल ऐसी मुफ्त की सुविधाओं को, वोट कटने की आशंका के चलते बंद करने का जोखिम भी नहीं उठाता। यह विडंबना ही है कि जिस धन को कृषि की तरक्की, ऊर्जा के बेहतर उपयोग तथा सार्वजनिक जवाबदेही से जुड़े संरचनात्मक विकास के लिये खर्च किया जाना चाहिए था, उसे सब्सिडी के रूप में व्यय किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि यह सब्सिडी राज्य की वित्तीय सेहत के लिये घातक साबित हो रही है। विडंबना यह है कि इस वित्तीय वर्ष में बिजली सब्सिडी पर होने वाला व्यय करीब साढ़े बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक होने वाला है। चिंता की बात यह भी है कि यह धनराशि पंजाब के पूरे बजट का दस फीसदी के करीब बैठती है। इस सब्सिडी की राशि में से दस हजार करोड़ रुपये कृषि क्षेत्र के लिये और सात हजार छह सौ करोड़ रुपये घरेलू उपयोगकताओं के लिये निर्धारित हैं। आश्चर्य की बात यह है कि लोगों को लुभाने के लिये दी जा रही सब्सिडी की यह राशि अब राज्य के राजस्व घाटे के बराबर हो गई है। इसके बावजूद यह स्थिति यदि राज्य के नीति-नियंताओं को विचलित नहीं करती है, तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि राज्य में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का काम सभी राजनीतिक दलों की सरकारों ने पार्टी लाइन से हटकर हर दौर में किया। घाटे की अर्थव्यवस्था को प्रश्रय देने वाली इस नीति को न केवल जारी रखा, बल्कि इसे प्रोत्साहित भी किया । वे मुखर कृषि लॉबी के दबाव में लगातार झुकते रहे। राजनेता दूरगामी व समग्र सुधार के बजाय मुफ्त में पैसे बांटकर चुनावी लाभ हासिल करने की होड़ में जुटे रहे। वहीं आप सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिये तीन सौ यूनिट तक की बिजली मुफ्त करने से सब्सिडी का संकट और गहरा ही हुआ है। करीब नब्बे प्रतिशत तक परिवारों का बिजली बिल शून्य है। ऐसे में बिजली बचत या उपयोग की गई बिजली का भुगतान करने को प्रोत्साहन लगभग समाप्त हो गया है। अब तो पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की स्थिति में भी नहीं है। इतना ही नहीं पीएसपीसीएल दो हजार करोड़ रुपये की वार्षिक बिजली चोरी की चुनौती से भी जूझ रहा है। सरकार द्वारा दिए गए करीब चार हजार करोड़ रुपये के बेलआउट के बावजूद पीएसपीसीएल भारी घाटे में चल रहा है। राज्य के विकास में सहायक संस्थानों को मजबूत करने या स्थायी सिंचाई योजनाओं में निवेश के करने के बजाय, राज्य सरकारें वोटों के लालच में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का उपक्रम करती रही हैं, जिसका खर्चा वहन करना उनके बूते की बात नहीं है। यह एक निर्विवाद सत्य है कि मुफ्त का चंदन बांटने का यह उपक्रम जितने लंबे समय तक चलेगा, उतने ही समय तक पंजाब की अर्थव्यवस्था में प्राणवायु का संचार करना, नये निवेश को आकर्षित करना तथा नये नौकरियों का सृजन करना और ज्यादा कठिन होता चला जाएगा। इसमें दो राय नहीं कि राज्य नेतृत्व को रियायतें देने के बजाय राज्य में विकास के बुनियादी ढांचे के निर्माण की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पंजाब को तय करना होगा कि वह बिजली पर सब्सिडी जारी रखेगा या अपने भविष्य को सशक्त बनाने को प्राथमिकता देगा।

# भारत में शहरी नक्सलवाद के इरादे

**भारत शहरी नक्सलवाद सहित नक्सलवाद के समान मुद्दे से निपट रहा है। हालांकि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर अब 38 हो गई है। केंद्र सरकार की योजना 2026 तक नेटवर्क को खत्म करने की है। हालांकि, मार्कस सिसेरो के बयानों में शहरी नक्सलवाद का खतरनाक रूप समझा जा सकता है। एक समाज और राष्ट्र के रूप में हम इस जहरीली मानसिकता या विचारधारा के परिणामस्वरूप बहुत पीड़ित हैं।**

**पंकज जगन्नाथ जयसवाल**

एक राष्ट्र अपने मूर्खों और यहां तक कि महत्वाकांक्षी लोगों से भी बच सकता है। हालांकि, यह आंतरिक विश्वासघात का सामना नहीं कर सकता। द्वार पर खड़ा एक विरोधी कम शक्तिशाली होता है क्योंकि वह ज्ञात होता है और अपना झंडा फहराता है। हालांकि, देशद्रोही द्वार के अंदर उन लोगों के बीच स्वतंत्र रूप से घूमता है, उसकी चालाक फुसफुसाहट सभी गलियों में गूंजती है और यहां तक कि सरकार के अपने हॉल तक भी पहुंचती है। क्योंकि देशद्रोही उस तरह दिखता नहीं; वह उन बोलियों में बात करता है जो उसके शिकारों के आदी हैं, उनकी शक्ल और विचारों को अपनाता है और उस नीचता का फायदा उठाता है जो सभी लोग अपने अंदर गहराई से पालते हैं। वह एक राष्ट्र की आत्मा को सड़ा देता है, शहर के स्तंभों को कमजोर करने के लिए रात में गुप्त रूप और बिना पहचाने काम करता है और राजनीतिक शरीर और मन को इस हद तक संक्रमित कर देता है कि वह अब विरोध नहीं कर सकता। एक हत्यारा कम भयावह होता है।₹- रोमन राजनेता मार्कस टुलियस सिसेरो, (63 ईसा पूर्व में वाणिज्य दूत थे)

भारत शहरी नक्सलवाद सहित नक्सलवाद के समान मुद्दे से निपट रहा है। हालांकि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर अब 38 हो गई है। केंद्र सरकार की योजना 2026 तक नेटवर्क को खत्म करने की है। हालांकि, मार्कस सिसेरो के बयानों में शहरी नक्सलवाद का खतरनाक रूप समझा जा सकता है। एक समाज और राष्ट्र के रूप में हम इस जहरीली मानसिकता या विचारधारा के परिणामस्वरूप बहुत पीड़ित हैं। वे अब 'महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक, 2024' के खिलाफ लोगों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं। शहरी नक्सली, ऐसा शब्द जो हाल के वर्षों में लोकप्रिय हुआ है, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों और संगठनों को संदर्भित करता है जो माओवादी विद्रोह के साथ सहानुभूति रखते हैं, उसका समर्थन करते हैं या सक्रिय रूप से सहायता करते हैं। शहरी नक्सली और माओवादी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं और शत्रुतापूर्ण देशों में उनके कई समर्थक हैं, जिनके साथ हम कई वर्षों से छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। ये शहरी नक्सली और माओवादी, स्थानीय प्रतिस्पर्धा को खरीदने की चाहत रखने वाले वैश्विक व्यापार दिग्गजों की तरह, भारत के खिलाफ अपने हमले को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श माध्यम हैं। ये शहरी समर्थक छद्म बुद्धिमान, अच्छे वक्ता होते हैं और खुद को सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् या मानवाधिकार अधिवक्ता बताते हैं। उनका असली लक्ष्य युवा, भोले-भाले दिमागों को भर्ती करके और माओवादी प्रचार करके देश को अस्थिर करना है। एनआईए के अध्ययन के अनुसार, कई फ्रंटल संगठन और छात्र विंग इस भर्ती प्रयास का नेतृत्व कर रहे हैं। ये संगठन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों के आदर्शवाद और कमजोरी का फायदा उठाते हैं। वे सामाजिक न्याय के समर्थक बनकर विद्यार्थियों में कट्टरपंथी धारणाएं भरते हैं, उन्हें सरकार का विरोध करने तथा हिंसक, विद्रोही जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। भारत विरोधी नारे और हिंसा जो भी हम अलग-अलग शिक्षा परिसरों में देखते हैं, वह काफी हद तक शहरी नक्सलियों द्वारा छात्रों को प्रभावित करने का परिणाम है। इस तरह का ब्रेनवॉश समाज और राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को कमजोर करता है। ये नक्सली, वैश्विक डीप स्टेट मार्केट ताकतों की मदद से, हर उस चीज को खारिज करते हैं जो राष्ट्र के पक्ष में है और अंतरराष्ट्रीय मालिकों और फाइनेंसरों के अनुकूल है जिनके लिए वे स्वार्थी कारणों से काम करते हैं। उन्हें केवल जाति विवाद, कश्मीरी अलगाववाद और खालिस्तानी आंदोलन जैसे विभाजन को भड़काते है, जो अजीब तरह से ज्यादातर सोशल मीडिया, मुख्यधारा के मीडिया और कैंपस चिटचैट जैसे प्लेटफार्मों पर अनिवासी भारतीयों द्वारा फैलाया जा रहा है। इससे पहले कि आप यह जान पाएं, भारत को पूरी तरह से भीतर से नष्ट करने के लिए पर्याप्त आत्म-कट्टरपंथी तयार हो जाते है। यहां तक कि उनके अनुयायियों और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ माओवादी प्रभावित क्षेत्रों के अधिकांश लोगों का भी माओवाद से बहुत कम सैद्धांतिक संबंध है। उदाहरण के लिए, बिहार में जाति विवाद, आंध्र प्रदेश में जमींदारों के प्रति दुश्मनी, आदिवासी क्षेत्रों में वन कानूनों से असंतोष, युवा बेरोजगारी और मुस्लिम कट्टरपंथ सभी को आग्नेयास्त्रों के उपयोग के माध्यम से सत्ता हासिल करने के साधन के रूप में निर्धारित किया जाता है। कट्टरपंथियों के अंतिम लक्ष्यों और नतीजों के बारे में जनता की समझ बढ़ाने की सख्त जरूरत है, साथ ही स्थानीय शिकायतों को बेहतर प्रशासन और बडी जिम्मेदारी के माध्यम से ठीक से हल किया जाना चाहिए। माओवादी शहरीकरण के साथ आने वाली प्राकृतिक दरारों का भी फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। जब्त किए गए दस्तावेजों के अनुसार, ₹सर्वेक्षण₹ शहरी लामबंदी अभियान का पहला चरण है। इस चरण में शहरी परिदृश्यों की उनकी भौगोलिक रूपरेखा के अनुसार जाँच करना शामिल है, जिसमें यह भी शामिल है कि वे औद्योगिक या अविकसित अंतर्देशीय क्षेत्र की सेवा करते हैं; कार्यबल की संरचना में परिवर्तन; भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों की बारीकी से जाँच; शहरों के भीतर आर्थिक असमानताएँ; और घेट्टोकरण में शामिल प्रक्रियाएँ, क्योंकि ये उनके रंगरूटों के लिए संभावित प्रजनन स्थल हैं, जिनका वे आसानी से भारतीय राज्य के हितों के विरुद्ध काम करने के लिए ब्रेनवॉश कर सकते हैं। हाल के वर्षों में, कई कॉलेज परिसरों में छात्र अशांति रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक सिद्धांतों के नाम पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध इन सभी संस्थानों को एकजुट करता है जिन्हें युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है। एक नजदीकी जाँच से पता चलता है कि सरकार ₹लोकतांत्रिक सिद्धांतों₹ को दबाती नहीं है लेकिन एक तस्वीर इस तरह से चित्रित की जाती है। इन विरोधों में सक्रिय रूप से भाग लेने या उन्हें समर्थन देने के द्वारा कुछ संकाय सदस्यों ने भी उन्हें तीव्र करने का प्रयास किया। औसत व्यक्ति को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि, छात्र भारत विरोधी कैसे हो गए? ये सभी संस्थान अचानक संकट में क्यों हैं? धमकी के पहले संकेत पर वे जहर उगलेंगे और अपने गंदे दिलों से लोकतंत्र को लुभाएँगे। वे आज भी अंग्रेजों के दिमाग का हिस्सा बने हुए हैं, जिनके पास उत्कृष्ट शिक्षा है लेकिन सामाजिक जागरूकता बहुत कम है। उनके पास एक पश्चिमी दृष्टिकोण है और हर घरेलू मुद्दे को पश्चिमी समाज के दृष्टिकोण से देखा जाता है। उनकी अंतिम रणनीति समाज की निराशाजनक तस्वीर पेश करना है क्योंकि वे देश के प्रलय की भविष्यवाणी में विश्वास करते हैं। वे केवल भावनाओं में विश्वास करते हैं; वे आँकड़ों, तथ्यों या डेटा में विश्वास नहीं करते। वे भारत को ध्वस्त करना चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि चीन और पश्चिमी सभ्यता एक आदर्श दुनिया का प्रतिनिधित्व करती है, जो उनका मानना है कि भारत कभी नहीं हो सकता।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# धधकती धरती: विकास की दौड़ या विनाश की ओर?

**ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदान करने तथा पृथ्वी को बचाने के लिए प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है।**

**योगेश कुमार गोयल**

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल, वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदान करने तथा पृथ्वी को बचाने के लिए प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को ह्यविश्व पृथ्वी दिवसह्व मनाया जाता है। प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सबकुछ नष्ट कर डालने में पलभर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पेट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है,जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है,जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल,अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है,उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार है।)**

# मंगलवार को जरूर करें ऋण मोचन मंगल स्तोत्र का पाठ



हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान को समर्पित होता है। इस दिन विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा-अर्चना और व्रत किया जाता है। ऐसे में अगर आप भी हनुमान जी की कृपा और आशीर्वाद पाना चाहते हैं तो आपको मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करनी चाहिए। इस दिन हनुमान जी की पूजा के साथ चालीसा और स्त्रोत का पाठ भी करना चाहिए। इससे व्यक्ति को धन-संबंधी परेशानियों से मुक्ति मिल सकती है। वहीं इस स्त्रोत का पाठ करना काफी लाभकारी माना जाता है। मंगलवार के दिन ऋण मोचन मंगल स्तोत्र के पाठ करने से व्यक्ति को हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। वहीं इस स्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को कर्ज की समस्या से भी राहत मिल सकती है। क्योंकि हनुमान जी को संकटमोचन के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में वह अपने भक्तों की सभी संकट दूर करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऋण मोचन मंगल स्तोत्र के बारे में बताने जा रहे हैं।

ऋण मोचन मंगल स्तोत्र

मङ्गलो भूमिपुत्रश्च ऋणहर्ता धनप्रदः।
स्थिरासनो महाकयः सर्वकर्मविरोधकः।।
लोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपाकरः।
धरात्मजः कुजो भौमो भूतिदो भूमिनन्दनः।।
अङ्गारको यमश्चैव सर्वरोगापहारकः।
व्रुष्टेः कर्ताऽपहर्ता च सर्वकामफलप्रदः।।
एतानि कुजनामनि नित्यं यः श्रद्धया पठेत।
ऋणं न जायते तस्य धनं शीघ्रमवाप्नुयात।।
धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम।
कुमारं शक्तिहस्तं च मङ्गलं प्रणमाम्यहम।।
स्तोत्रमङ्गारकस्यैतत्पठनीयं सदा नृभिः।
न तेषां भौमजा पीडा स्वल्पाऽपि भवति क्वचित।।
अङ्गारक महाभाग भगवन्भक्तवत्सल।
त्वां नमामि ममाशेषमृणमाशु विनाशय।।
ऋणरोगादिदारिद्रयं ये चान्ये ह्यपमृत्यवः।
भयक्लेशमनस्तापा नश्यन्तु मम सर्वदा।।
अतिवक्त्र दुराराध्र्य भोगमुक्त जितात्मनः।
तुष्टो ददासि साम्राज्यं रुश्टो हरसि तत्ख्शणात।।
विरिंचिशक्रविष्णूनां मनुष्याणां तु का कथा।
तेन त्वं सर्वसत्त्वेन ग्रहराजो महाबलः।।
पुत्रान्देहि धनं देहि त्वामस्मि शरणं गतः।
ऋणदारिद्रयदुःखेन शत्रूणां च भयात्ततः।।
एभिर्द्वादशभिः श्लोकैर्यः स्तौति च धरासुतम।
महतिं श्रियमाप्नोति ह्यपरो धनदो युवा।।
।। इति श्री ऋणमोचक मङ्गलस्तोत्रम सम्पूर्णम।।

## सेहत

### डायबिटीज होने पर नियमित रूप से कराते हैं ये टेस्ट,गंभीर बीमारियों का नहीं रहेगा खतरा

दुनियाभर डायबिटीज की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। डायबिटीज की बीमारी संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। वहीं जिन लोगों में शुगर लेवल बढ़ा रहता है, उनको समय के साथ आंखों की बीमारी, किडनी की समस्या और पाचन में गड़बड़ी का खतरा हो सकता है। अगर आप भी डायबिटीज के रोग का शिकार हैं, तो आपको नियमित रूप से कुछ जांच कराते रहना चाहिए। जिससे भविष्य में होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम किया जा सके। हालांकि अगर समय रहते डायबिटीज की समस्या का निदान हो जाए और दवाओं के साथ अपनी लाइफस्टाइल को ठीक कर लेते हैं। तो यकीनन आप गंभीर समस्याओं से बचे रह सकते हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि डायबिटीज रोगियों को नियमित रूप से कौन से टेस्ट कराते रहना चाहिए।

**घर पर रखें ग्लूकोमीटर**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक जिन लोगों को हाई डायबिटीज की समस्या है और उनकी दवाएं चल रही हैं। उनको अपने घर पर ग्लूकोमीटर जरूर रखना चाहिए। ग्लूकोमीटर शुगर चेक करने वाली मशीन है, जिसकी मदद से आप ब्लड ग्लूकोज का आसानी से पता लगा सकते हैं। इस मशीन से कुछ ही सेकेंड्स में आप जान सकते हैं कि आपका शुगर घट या बढ़ तो नहीं गया है।

**किडनी फंक्शन टेस्ट और सी-रिएक्टिव प्रोटीन**

डायबिटीज होने पर लोगों में किडनी की बीमारी का खतरा अधिक होता है। ऐसे में आप किडनी फंक्शन टेस्ट के जरिए किडनी की सेहत पर नजर रख सकते हैं। वहीं अगर कोई समस्या होती है, तो आप समय रहते इलाज कर सकते किडनी फंक्शन टेस्ट के साथ सी-रिएक्टिव प्रोटीन के जरिए से शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध और सूजन का भी आकलन किया जाता है। इसमें टाइप 2 डायबिटीज के खतरे और अन्य स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## मठिया गांव में गोबर गैस प्लांट का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# आठ परिवारों को मिल रहा सीधा लाभ




मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गोवर्धन योजना के तहत साहिबगंज जिले के मठिया गांव में निर्मित गोबर गैस प्लांट का निरीक्षण उपायुक्त हेमंत सती द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, लाभार्थियों की प्रतिक्रिया और संचालन की व्यवस्था की जानकारी ली।यह गोबर गैस प्लांट गांव के आठ परिवारों को जोड़कर संचालित किया जा रहा है।जिससे उन्हें स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिल रही है। इससे न केवल रसोई गैस की समस्या का समाधान हुआ है। बल्कि गोबर का बेहतर उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिल रही है। उपायुक्त ने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और पशु अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है।निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने प्लांट से मिलने वाले लाभ की सराहना की और कहा कि इससे उनके खर्च में कमी आई है। उपायुक्त हेमंत सती ने संबंधित को निर्देश दिया कि इस योजना का विस्तार अन्य गांवों तक भी किया जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

## सत्यापन कार्य पारदर्शी और सुचारु ढंग से हो : उपायुक्त

### चौकीदार नियुक्ति के दस्तावेज सत्यापन का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** सिद्धो कान्हू सभागार भवन में चौकीदार की नियुक्ति के तहत दस्तावेज सत्यापन का कार्य चल रहा है। इस प्रक्रिया का उपायुक्त हेमंत सती ने निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने अभ्यर्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्यापन कार्य पारदर्शी और सुचारु ढंग से किया जाए। मौजूद कर्मचारियों से कहा कि कोई भी गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी



अभ्यर्थियों को समय पर जानकारी मिले और उन्हें कोई असुविधा न हो। दस्तावेज सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे थे। जिन्हें कतारबद्ध तरीके से बुलाया जा रहा था। इस बाबत उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि नियुक्ति प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए ताकि योग्य उम्मीदवारों को ही अवसर मिले। सत्यापन प्रक्रिया अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी।

## पांच नाबालिक बच्चों के साथ दो बाल तस्कर गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा :** बीती रात्री बरहरवा आरपीएफ द्वारा गस्त ड्यूटी के दौरान और मंथन संस्था के सहयोग से प्लेटफार्म नंबर एक के अंतिम छोर पर पांच नाबालिक बच्चों के साथ दो बाल तस्कर को पुलिस द्वारा पकड़ा जिसमें मामले से संबंधित जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक के अंतिम छोर पर काफी लंबे समय से पांच बच्चों को दो आदमी के साथ देखा जा रहा था।और कई लोकल ट्रेनों के आने-जाने के बाद भी वह लोग उसी जगह पर बैठे हुए थे तभी पुलिस को उन लोगों पर संदेह होने लगा और पुलिस द्वारा उन लोगों से पूछताछ की गई हालांकि पूछताछ के दौरान दोनों तस्कर घबरा गए और भागने की फिराक में थे। लेकिन मौके पर ही पुलिस



ने उसे घर दबोचा दोनों तस्करों के पास से बच्चों के दिल्ली के व गाजियाबाद के टिकट पाए गए। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इसके बाद वह उन बच्चों को लेकर दिल्ली गाजियाबाद चले जाते और उनसे बाल मजदूरी करवाते। वहीं पकड़े गए तस्कर में से एक तस्कर एवं दो नाबालिक बच्चे बरहेट प्रखंड के रहने वाले हैं।वहीं दूसरा तस्कर तीन बच्चे उड़वा प्रखंड के रहने वाले हैं। इसके बाद उचित कार्रवाई के तहत पुलिस द्वारा दोनों तस्करों के ऊपर एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## बगैर चालान के ही बिहार जा रहा था स्टोन चिप्स 9 वाहन जब्त, पहले भी की गई थी हिमाकत

मेट्रो रेज

**गिरिडीह:** कुछ माह पूर्व ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्थर के अवैध खनन और उसके परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने का सख्त निर्देश दिया था. सूबे के वरीय अधिकारियों के साथ की गई बैठक में सीएम ने साफ कहा था कि झारखंड की छवि को धूमिल करने वाले तस्करों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. सीएम के सख्त तेवर के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई भी होती रही, बावजूद गिरिडीह में पत्थर माफिया अपनी करतूत को लगातार अंजाम दे रहे हैं. जहां कई स्थानों पर अवैध तरीके से पत्थर का खनन हो रहा है.

कार्रवाई के दौरान बगैर कागजात के ही सरकार को राजस्व दिए बिना स्टोन चिप्स की तस्करी हो रही है. मालवाहकों में



स्टोन चिप्स को लादकर गिरिडीह के गावां के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा है.

इस बार फिर से वरीय अधिकारियों के निर्देश पर गावां के अंचलाधिकारी अविनाश रंजन ने कार्रवाई की है. इस बार सीओ ने देर रात वाहनों की जांच शुरू की और स्टोन चिप्स लदे 9 मालवाहक को पकड़ा है. वाहनों को पकड़ने के बाद कागजात की छानबीन की गई तो एक वाहन छोड़कर बाकी वाहनों के पास परिवहन परमिट मिला ही नहीं. ऐसे में सीओ ने वाहनों को जब्त करते हुए मामले को लेकर खनन विभाग को अवगत कराया है.

तस्करों का सेफ जोन रहा है गावां-सतगावां पथ

बता दें कि गावां-सतगावां होते हुए बिहार के नवादा जाने वाली सड़क पत्थर-कोयला तस्करों के लिए सेफ सड़क रही है. जमुआ-धनवार, तिसरी-गावां इलाके के कुछ एक क्रशरों में स्टोन चिप्स लोड करने के बाद इसी रास्ते से वाहन को ले जाया जाता है. तस्कर का पूरा काम संगठित होकर किया जाता है. पिछली बार गावां के सीओ ने उन वाहनों की पहचान की थी, जो वाहन सहारनपुर के चालान पर कई दफा चिप्स बिहार में खपाने का काम करते थे.

मामले को लेकर सीओ ने खनन विभाग को भी पत्र लिखा था, लेकिन जांच के नाम पर पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था. इस बार फिर से गावां के सीओ ने ऐसे वाहनों को पकड़ा है. अब देखना होगा कि क्या इस बार भी मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा या फिर जिला के अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई करेंगे.

## अमोनिया गैस के रिसाव पर पर्यावरण समिति का कड़ा रुख, कहा- हर्ल प्रबंधन पर लेंगे एक्शन

मेट्रो रेज

**धनबाद ।** विधानसभा पर्यावरण समिति सदस्यों ने जिले के सर्किट हाउस में बीसीसीएल, हर्ल, ईसीएल प्रबंधन के साथ बैठक की. बढ़ते प्रदूषण को लेकर क्षेत्रीय प्रदूषण पदाधिकारी, बीसीसीएल, सीसीएल एवं हर्ल प्रबंधन के प्रति समिति ने नाराजगी जताई है. साथ ही पिछले दिनों हर्ल से हुए अमोनिया रिसाव के लिए एक्शन लेने की बात समिति ने कही है.

झारखंड विधानसभा की पर्यावरण समिति सदस्य धनबाद पहुंचे. पर्यावरण समिति सदस्य में सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, सिसई विधायक जिगा सुसारण होरो, विधायक संजीव सरदार ने विभागीय बैठक सर्किट हाउस सभागार में की. जिसमें बीसीसीएल, ईसीएल, हर्ल के अधिकारी, एसडीएम सहित अन्य उपस्थित रहे.

कोयलांचल में लगातार बेकाबू हो रहे प्रदूषण की समस्या को लेकर क्षेत्रीय प्रदूषण पदाधिकारी को समिति सदस्यों ने फटकार



लगाई. विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण का निर्देश दिया. साथ ही जिन उद्योगों को प्रदूषण विभाग ने सीटीओ दिया है, उसका सत्यापन करने का भी निर्देश दिया. वहीं बढ़ते प्रदूषण को लेकर बीसीसीएल, ईसीएल एवं हर्ल प्रबंधन के प्रति नाराजगी जताई. पिछले दिनों हर्ल प्लांट में हुए अमोनिया रिसाव, कोलियरी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को लेकर बीसीसीएल, ईसीएल और हर्ल प्रबंधन अधिकारियों को नियंत्रित करने का निर्देश दिया

बैठक के बाद बोकारो विधायक और सिसई विधायक जिगा सुसारण होरो टीम के साथ स्थलीय जांच के लिए रवाना हो गए. बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि धनबाद में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है. बीसीसीएल, ईसीएल, हर्ल सभी इसे नियंत्रित करने को लेकर कोई पहल नहीं कर रहे हैं.

हाल के दिनों में हर्ल में अमोनिया गैस रिसाव की बात सामने आई थी. टीम इसकी भी जांच करेगी. श्वेता सिंह ने कहा कि अमोनिया गैस रिसाव के लिए हर्ल प्रबंधन के ऊपर भी एक्शन होगा.

बताते चलें कि पिछले दिनों हर्ल फैक्ट्री के मेंटनेंस के दौरान अमोनिया गैस का रिसाव हुआ था. जिसके कारण लोगों की आंखों में जलन होने लगी थी. सांस लेने भी तकलीफ हुई थी. घटना के बाद लोगों में डर व्याप्त था.

## कोडरमा में पहली बार प्रो कबड्डी लीग, तीन दिन चलेंगे मैच

### 6 पुरुष और 4 महिला टीमें लेंगी हिस्सा

**कोडरमा :** जिले के झुमरी तिलैया स्थित सीएच स्कूल मैदान में 'कोडरमा कबड्डी लीग' का आयोजन हो चुका है. तीन दिनों तक चलने वाले इस कबड्डी लीग में 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें चार महिला और 6 पुरुष टीम शामिल है. जहां आपस में एक-दूसरे से मुकाबला करेगी. इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल का मैच गुरुवार को खेला जाएगा.

कबड्डी लीग का पहला मैच जैन द सुपर ज्वाइंट और मॉडर्न मिरेकल के बीच खेला गया. कबड्डी लीग उद्घाटन के मौके पर द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित टीम इंडिया के चीफ कोच बलवंत सिंह, वर्ल्ड चैंपियन मोहित चिल्लर और कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड विपिन सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे.

साथ ही इस कबड्डी लीग के मैच का आनंद उठाने के लिए भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे. कोडरमा कबड्डी लीग का शुभारंभ



मैदान के चारों ओर जगमगाती रोशनी और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ. बता दें कि प्रो कबड्डी लीग के तर्ज पर कोडरमा कबड्डी लीग का आयोजन किया गया है. जिले के व्यवसायियों ने अपने पसंद के खिलाड़ियों का चयन किया हैं और अपनी टीम बनाई हैं.

टीम इंडिया के चीफ कोच बलवंत सिंह ने कहा कि कबड्डी का क्रेज सर चढ़कर बोल रहा है. इसमें छोटे-छोटे जगहों से निकलकर खिलाड़ी विश्व पटल पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं. वहीं, वर्ल्ड चैंपियन मोहित चिल्लर ने कहा कि जिस तरह से कोडरमा जैसे जगह में कबड्डी लीग का आयोजन किया गया है, कबड्डी का भविष्य और भी सुनहरा होने वाला है. जबकि कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड के विपिन सिंह ने कहा कि पूरे मापदंडों के साथ कोडरमा जिला कबड्डी एसोसिएशन लीग का आयोजन कर रही है. इससे पहले भी यहां सफलतापूर्वक राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है.

# पलामू जिले के तीन पुलिस अनुमंडल में अग्निशामक दस्ता नहीं

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अग्निशमन विभाग में आगजनी की घटना से निपटने के लिए तत्परता बरत रही है परंतु संसाधन, दूरी और मैन पॉवर की कमी नुकसान को रोकने में सफल नहीं होने दे रहे हैं। पलामू जिले के पांच पुलिस अनुमंडलों में केवल दो अनुमंडल मेदिनीनगर सदर और हुसैनाबाद में अग्निशामक टीम तैनात है। शेष दो पुलिस अनुमंडल छतरपुर, विश्रामपुर और पांकी में अग्निशामक दल मौजूद नहीं है। विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल में एक सिटी और चार प्रखंड, छतरपुर सिविल सह पुलिस अनुमंडल में दो सिटी और चार प्रखंड तथा लेस्लीगंज पुलिस अनुमंडल में चार प्रखंड स्थित हैं। पलामू जिला अग्निशमन विभाग पदाधिकारी उत्तम मेहता ने बताया कि पलामू प्रमंडल में आगजनी जैसे घटना से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग ने सात गाड़ियां उपलब्ध कराई है। इसमें मेदिनीनगर में चार एवं हुसैनाबाद में दो बड़ी एवं एक छोटी गाड़ी को रखा गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मेदिनीनगर में 10 एवं हुसैनाबाद में सात कर्मी लगाए गए हैं जो पर्याप्त नहीं है। मेदिनीनगर में अग्निशामक वाहन के लिएपानी भी प्रमुख समस्या है। आस पास क्षेत्र में आग बुझाने के क्रम में पानी खत्म होने के बाद रेलवे स्टेशन पानी टंकी पर पहुंचना पड़ता है। अगर पूर्व से कोई टैंकर लगी रहती है तो उसे भरने के बाद ही पानी मिलता है। विभाग के अन्य कर्मी ने बताया कि हाल के दिनों में बाजार समिति में पानी टंकी निर्माण कराया जा रहा है अगर रेलवे स्टेशन की तरह यहां भी टैंकर में पानी भरने की व्यवस्था कर दिया जाता तो कुछ हद तक आसानी होती है। प्रत्येक गाड़ी पर कम से कम पांच कर्मी रहने की जरूरत है ताकि वह तत्परता काम कर सके। पलामू जिला में सही लोकेशन नहीं मिलना, ट्रैफिक जाम एवं पानी सबसे बड़ी समस्या है। जिला मुख्यालय से 20 से 25 किलोमीटर दूरी पर किसी तरह के आगजनी जैसे घटना की सूचना मिलती है तो पूर्व से टैंकर में भर पानी को लेकर अग्निशमन दस्ता के टीम तुरंत निकल जाते हैं पर सही लोकेशन की जानकारी नहीं मिलना एवं ट्रैफिक जाम के कारण समय पर नहीं पहुंच पाते और जब तक पहुंचाते हैं तो काफी देर हो जाती है। अग्निशामक कर्मियों ने बताया कि अग्निशामक टीम की चुनौतियों को कम करने में प्रशासनिक सहयोग की भी जरूरत है। अगर रास्ता खाली हो तो 20 से 25 किलोमीटर की दूरी 5 से 10 मिनट में तय कर लिया जाएगा पर यहां के लोग न तो सही लोकेशन देते हैं और न ही सायरन बजाने के बाद रोड खाली करते है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मोकहर कला में सिंचाई योजना का क्रियान्वयन शुरू

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिंचाई के साथ जलस्तर बढ़ाने के प्रति बहुउपयोगी योजना मंगलवार से शुरू की गई है। पलामू पाइप लाइन इरिगेशन पैकेज फेज-2 के तहत इस पंचायत में सोन नदी से लिफ्ट कर फटहा बांध तक पानी पहुंचाने के लिए कार्य भी शुरू हो गया है। मुखिया नाजमा खातून व वरिष्ठ समाजसेवी नावाजिश खान ने बताया कि इस कार्य के पूरा होते ही पंचायत के सभी सरकारी तालाबों और फटहा बांध को पानी मिलेगा। इससे किसानों के सिंचाई कार्य बहुउपयोगी साबित होगा। भूमिगत जलस्तर में भी वृद्धि होगी। संवेदक लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी गुजरात के साइट इंजीनियर अभिषेक सिंह ने बताया कि किसानों के लिए योजना लाभकारी होगा।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात का शव

**हैदरनगर।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज व सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 345/13 और भीम चूल्हा टनल के पास एक अज्ञात व्यक्ति शव रेलवे ट्रैक के किनारे मंगलवार को पड़ा मिला है। मोहम्मदगंज थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। शव की पहचान कराने का प्रयास मंगलवार की शाम तक सफल नहीं हो पाया है।

### डीवीएल कैंप के निकट शव मिलने से इलाके में सनसनी

**साहिबगंज:** मंगलवार को जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।वही मामले में मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना पुलिस ने गंगा पुल निर्माण कर रहे कंपनी डीवीएल कैंप के निकट मंगलवार देर रात एक व्यक्ति का शव बरामद किया है।जिसे पुलिस ने फिलहाल अज्ञात घोषित किया है। व शव को कब्जे में लेकर शव परीक्षा हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल ले जाया जा रहा है। मुफस्सिल पुलिस ने बताया कि जॉच प्रक्रिया चल रही है।उसके बाद ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा।

### शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश



**साहिबगंज :** ज़िला उपायुक्त हेमंत सती आम नागरिकों के साथ सीधे जुड़े और अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आम जनों से हर समय जुड़ने का प्रयास किया जा रहा है।साहिबगंज जिले के विभिन्न प्रखण्ड से आये आम जनों से सीधा संवाद कर समस्याओं को सुने और समझे । प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया और आश्वासन दिया की जल्द से जल्द समस्याओं को दूर किया जाएगा।

### अपने आस पास वृक्ष अवश्य लगाए : चतुरानंद




**साहिबगंज :** पृथ्वी दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी द्वारा पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए और पर्यावरण की रक्षा के लिए आजसू जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडे के नेतृत्व में कार्यकताओं ने 25-25 वृक्ष लगाए।वही सभी कार्यकताओं ने यह संकल्प लिया कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता से अपने अपने क्षेत्र में 25-25 वृक्षा रोपण करेंगे ।वही आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडे ने वन प्रमंडल साहिबगंज को धन्यवाद दिया की नर्सरी में सरल तरीके से वहां पेड़ पौधे उपलब्ध किया जा रहा है।वही उन्होंने लोगो से अपील किया की वे लोग भी अपने आस पास वृक्ष अवश्य लगाए।इस अवसर पर आजसू पार्टी के जिला सचिव मणिकांत,विकास कुमार,शशिकांत दुबे,गोविंद सिंह,नारायण सिंह,मोहम्मद जैनुद्दीन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे !

### मां के नाम पर एक पेड़ लगाना एक स्थायी स्मृति बनाना है : सन्नी राज



**साहिबगंज:** हिंदू क्रांति संघ जिला अध्यक्ष सन्नी राज के द्वारा पृथ्वी दिवस पर एक पेड़ लगाकर जिले भर के आम जनता से आगरा है करते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है।जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है।जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा ।बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा।

### चितरा कोल माइंस क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत, टैकरों की मदद से घरों तक पहुंचेगा

**देवघर :** झारखंड के देवघर जिले में गर्मी आते ही पानी की किल्लत होना आम बात है. शहरी इलाके के रिहायशी कॉलोनी में भी पानी के लिए लोगों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है. सिर्फ शहरी इलाके ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में भी पानी के लिए लोग परेशान रहते हैं. देवघर के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत की बात करें तो सबसे ज्यादा परेशानी सारठ प्रखंड के चितरा क्षेत्र में देखने को मिलती है. क्योंकि इस क्षेत्र में एक बड़ा ओपन कोल माइंस संचालित होता है. मालूम हो कि चितरा में ईसीएल का कोल माइंस संचालित है. यह कोल माइंस राज्य एवं केंद्र सरकार के लिए काफी महत्वपूर्ण है. क्योंकि यहां से सरकार को राजस्व का काफी लाभ मिलता है. सरकार इस क्षेत्र के लोगों की जमीन को अधिग्रहण करके कोयला निकाल रही है. लेकिन जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण हो रही है उन्हें ना तो मुआवजा मिल रहा है और ना ही बुनियादी सुविधा मुहैया हो पा रही है. चितरा कोल माइंस के कारण प्रभावित हो रहे स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में सबसे ज्यादा यदि पानी की आवश्यकता है तो चितरा इलाके में है लेकिन सबसे ज्यादा पानी की किल्लत यहीं है.



# मालविका मोहनन ने खोले साउथ इंडस्ट्री के राज

**मालविका मोहनन ने साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री के बीच के अंतर को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने महिलाओं को लेकर इंडस्ट्री के दर्शकों की सोच के बारे में भी खुलासा किया। जानिए एक्ट्रेस ने क्या कुछ बताया।**

अभिनेत्री मालविका मोहनन साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी लगातार काम कर रही हैं और वो दोनों ही इंडस्ट्री में संतुलन बनाए हुए हैं। इसलिए उन्होंने दोनों इंडस्ट्री के बारे में बात की और बताया कि दोनों इंडस्ट्री कितनी वास्तविक हैं और दर्शक महिलाओं को किस तरह से देखते हैं। उन्होंने बॉडी रिवीलिंग और जूम करके शरीर के अंगों को दिखाए जाने पर भी बात की। साथ ही उन्होंने एक अभिनेत्री के तौर पर दोनों इंडस्ट्री में उनसे क्या उम्मीद की जाती है, इस बारे में भी खुलकर बात की।

## अभिनेत्री ने बताया साउथ और बॉलीवुड में अंतर


हाल ही में हॉटरफ्लाई के साथ बातचीत के दौरान मालविका मोहनन ने बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री में अंतर और दोनों जगह महिलाओं व अभिनेत्रियों को लेकर लोगों की सोच के बारे में बात की। अभिनेत्री ने कहा, हर इंडस्ट्री में महिलाओं के शरीर को लेकर अलग-अलग विचार हैं। अगर मैं थोड़ा वजन बढ़ा लेती हूं और काम के लिए मुंबई आती हूं, तो मेरा मैनेजर कहता है, 'तुमने थोड़ा वजन बढ़ा लिया है? तुमने एक्सरसाइज करना बंद कर दिया है?' वहीं अगर मैं फिट हूं और मेरे एब्स बने हों, फिर मैं चेन्नई में हूँ, तो वे कहेंगे, ओह, तुमने अपना मोटापा कम कर लिया है, जब तुम्हारा मोटापा था तब तुम और भी सुंदर दिखती थी। महिलाओं के शरीर पर इतनी बार टिप्पणी की जाती है कि एक समय पर मैं भ्रमित हो जाती थी, क्या मुझे फिट होना चाहिए, क्या मुझे सुडौल होना चाहिए? हालांकि, अब मैं उस मुकाम पर पहुंच गई हूं जहां मैं कहती हूं, स्वस्थ रहो, फिट रहो।

# तय समय पर रिलीज नहीं होगी विजय देवरकोंडा की किंगडम?

विजय देवरकोंडा की किंगडम मई में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, लेकिन अब खबर है कि पोस्ट-प्रोडक्शन के काम में देरी के कारण फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म किंगडम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर और उत्साह बढ़ गया। हालांकि, अब लगता है कि फिल्म की रिलीज पर संकट आ गया।


**फिल्म की रिलीज में हो सकती है देरी:** विजय देवरकोंडा ने जर्सी के निर्देशक गौतम तिन्नानुरी के साथ किंगडम के लिए हाथ मिलाया। यह फिल्म एक साल से अधिक समय से बन रही है और 30 मई, 2025 को स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन ताजा चर्चा के अनुसार, किंगडम की रिलीज को टाला जा सकता है। इसके कई कारण हैं, लेकिन फिल्म के साथ सबसे बड़ी समस्या संगीत है।

**इस वजह से फिल्म में हो रही देरी:** अनिरुद्ध किंगडम के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं और उन्हें अभी बैकग्राउंड स्कोर तैयार करना है। उन्हें अभी बहुत सारा काम पूरा करना है, और चूंकि वे कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें विजय की फिल्म के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। ओटीटी प्ले के अनुसार, निर्माता थोड़े चिंतित हैं, क्योंकि उन्होंने किंगडम के लिए भारत भर में व्यापक प्रचार की योजना बनाई है और यदि वे तारीख से चूक जाते हैं तो उन्हें अगस्त 2025 की ओर देखना होगा, क्योंकि मई और जून में अन्य तेलुगु बड़ी फिल्में रिलीज होंगी।



# जाट की सफलता से गदगद सनी देओल, बोले- वादा करता हूं, पार्ट 2 और बेहतर होगी

अभिनेता सनी देओल की हालिया रिलीज 'जाट' का बॉक्स ऑफिस पर जादू जारी है। फिल्म 65 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। अभिनेता ने अपनी सफलता का श्रेय प्रशंसकों को देते हुए कहा कि उनके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए लिखा, आपका प्यार ही मेरी ताकत है और आप सबका जोश ही मेरी सफलता है। सनी देओल ने आगे लिखा, 'जाट' को प्यार करते रहिए।



मैं 'जाट' और सिनेमा का जश्न मनाते हुए आप सभी के वीडियो देखकर अभिभूत हूं! उन्हें मेरे साथ शेयर करते रहिए, आपके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। शेयर किए गए वीडियो में सनी देओल ने वादा किया कि 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी। खूबसूरत वादियों में टहलते नजर आए अभिनेता ने कहा, आपने मेरी फिल्म 'जाट' को इतना प्यार दिया है, मैं वादा करता हूं कि 'जाट 2' और भी बेहतर होगी। मैं अक्सर पहाड़ों पर आ जाता हूं, क्योंकि मुझे प्रकृति के बीच अच्छा लगता है। मैं कुछ दिनों में 'बॉर्डर 2' की शूटिंग के लिए निकल जाऊंगा। लव यू।

सनी देओल ने हाल ही में प्रशंसकों को बताया कि ''जाट 2' नए मिशन के साथ आ रही है। अपकमिंग एक्शन फिल्म का निर्देशन भी गोपीचंद मलिनेनी करेंगे। वहीं, पोस्टर में निर्माता नवीन यरनेनी, रविशंकर वाई और टीजी विश्व प्रसाद के नाम भी उजागर किए गए। 'जाट 2' का निर्माण भी मैत्री मूवी मेकर्स प्रोडक्शन हाउस करेगा। फिल्म के सीक्वल में सनी देओल की पुष्टि हुई है। हालांकि, अन्य कलाकारों के बारे में निर्माताओं ने जानकारी नहीं दी है। जाट का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक रणतुंगा के किरदार में हैं।



# रामायण की शूटिंग शुरू करने जा रहे यश, नितेश तिवारी की फिल्म पर आया ये बड़ा अपडेट

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म रामायण को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार यश इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू करने जा रहे हैं।

भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित फिल्म 'रामायण' काफी समय से चर्चा में है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में यश, रणबीर कपूर, सनी देओल और साई पल्लवी जैसे सितारे नजर आएंगे। ताजा अपडेट के मुताबिक यश इस हफ्ते मुंबई में रावण के किरदार के लिए शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। वह इस फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। 'रामायण' को दो भाग में दर्शकों के सामने पेश किया जाएगा, जिसका पहला भाग दीवाली 2026 और दूसरा दीवाली 2027 में रिलीज होगा।

## कब शुरू होगी शूटिंग?

रिपोर्ट के अनुसार यश ने अपनी दूसरी फिल्म 'टॉक्सिक' का एक बड़ा शेड्यूल पूरा कर लिया है और अब वह 'रामायण' की शूटिंग इस हफ्ते से शुरू करने के लिए तैयार हैं। अपनी हर नई फिल्म की शुरुआत मंदिर दर्शन से करने की परंपरा को निभाते हुए यश उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करेंगे। मुंबई में होने वाली इस शूटिंग में यश अपने सोलो सीन पर काम करेंगे। निर्माताओं ने पैन-इंडिया स्टार यश के स्वागत के लिए खास सेट तैयार किया है। यह शेड्यूल अप्रैल के अंत से शुरू होकर करीब एक महीने तक चलेगा, जिसके बाद यश 'टॉक्सिक' की शूटिंग में वापस लौटेंगे।

# पंजाबी हीरोइनों को गलत रास्ता दिखाने वाले पर आगबबूला हुईं हिमांशी

पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी खुराना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक स्टोरी साझा करते हुए एक शख्स को जमकर लताड़ लगाई। हिमांशी ने उस पर अभिनेत्रियों को नई लड़कियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। अभिनेत्री और बिग बॉस 13 फेम हिमांशी खुराना ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्टज में उन्होंने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े एक शख्स पर निशाना साधा और उस पर उनके नाम का इस्तेमाल करते हुए युवा लड़कियों और महत्वाकांक्षी अभिनेत्रियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। हालांकि, उन्होंने उस व्यक्ति का नाम नहीं लिया। अभिनेत्री ने उस व्यक्ति को मूर्ख सहित कई कड़े शब्द कहे।



## हिमांशी खुराना ने क्या लिखा?

हिमांशी खुराना ने रविवार रात को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पंजाबी में लिखा, 'पंजाबी इंडस्ट्री में एक मूर्ख है, वह बेहद घिनौना, बेशर्म और बेकार इंसान है जो हमारे सभी कलाकारों के बीच घूमता रहता है दावा करता है कि वह उन्हें गानों और फिल्मों में काम दिलवाएगा। वह उनकी निजी जानकारी का दुरुपयोग करता है। मुझे पता चला कि वह लंबे समय से मेरे बारे में बात कर रहा है और नई लड़कियों को यह कहकर गुमराह कर रहा है कि सभी जाने-माने पंजाबी कलाकार उसके नियंत्रण में हैं।'

# ला लीगा 2024-25: ओल्मो के गोल से बार्सिलोना ने मल्लोर्का को हराया



एजेंसी

**बार्सिलोना :** बार्सिलोना ने ला लीगा खिताब की ओर एक और मजबूत कदम बढ़ाते हुए मंगलवार देर रात मल्लोर्का को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ ही शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड पर अपनी बढ़त सात अंकों की कर ली है।

**ओल्मो ने दिलाई अहम जीत, रियल पर दबाव**

स्पेन के इंटरनेशनल डानी ओल्मो के गोल ने बार्सिलोना को जीत दिलाई और मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड पर दबाव बढ़ा दिया। रियल का अगला मुकाबला बुधवार को गेटाफे के खिलाफ है। हांसी फ्लिक की टीम अब संभावित ह्यक्वाड्रपलह्न (चार खिताब) की ओर देख रही है।

**कई स्टार प्लेयर्स को मिला आराम, फाती को मिला पहला स्टार्ट**

शनिवार को होने वाले कोपा डेल रे फाइनल से पहले कोच फ्लिक ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया। अक्टूबर के बाद पहली बार अंसु फाती को शुरूआत करने का मौका मिला। वहीं हेक्तर फोर्ट को डिफेंस के बाएं ओर और फेरान टोरेस को चोटिल लेवांडोव्स्की की जगह आक्रमण में उतारा गया।

**पहले हाफ में कई मौके, लेकिन गोल नहीं**

बार्सिलोना ने पहले हाफ में एक के बाद एक मौके बनाए, लेकिन गोल नहीं हो सका। गावी का शॉट पोस्ट से टकराया, वहीं टोरेस और फाती ने आसान मौके गंवाए। युवा खिलाड़ी लामिन यामाल और फोर्ट के प्रयासों को भी मल्लोर्का के गोलकीपर लियो रोमान ने शानदार तरीके से रोका।

**दूसरे हाफ में ओल्मो ने तोड़ी खामोशी**

दूसरे हाफ की शुरूआत में बार्सिलोना ने पासिंग मूव से खेलते हुए ओल्मो के जरिए बढ़त हासिल की। इसके बाद फाती और यामाल ने बढ़त दोगुनी करने की कोशिश की, लेकिन रोमान की जबरदस्त गोलकीपिंग के आगे बार्सिलोना को एक और गोल नहीं मिल सका। यह 2025 में मल्लोर्का के लिए रोमान का पहला लीग मैच था और उन्होंने 10 शानदार सेव किए। उन्होंने यामाल, एरिक गार्सिया और लोपेज के प्रयासों को रोका। स्टॉपेज टाइम में अब्दोन प्रात्स पर गार्सिया की टक्कर पर मल्लोर्का ने पेनल्टी की मांग की, लेकिन रेफरी ने खारिज कर दिया । बार्सिलोना के पास अब लीग में पांच मुकाबले बचे हैं, जिनमें 11 मई को रियल मैड्रिड के खिलाफ एल क्लासिको सबसे अहम होगा। इस मुकाबले से खिताब की तस्वीर और साफ हो सकती है।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर कीथ स्टैकपोल का 84 वर्ष की उम्र में निधन

एजेंसी

**मेलबर्न :** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट ओपनर कीथ स्टैकपोल का मंगलवार को 84 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया है। उन्होंने अपने करियर में 43 टेस्ट मैच खेले और 7 शतक लगाए थे। स्टैकपोल ने ना सिर्फ बल्ले से बल्कि गेंद से भी टीम के लिए योगदान दिया और बाद में एक लोकप्रिय टीवी व रेडियो कमेंटेटर भी बने।

**मिडिल ऑर्डर से ओपनर बनने तक का सफर**

स्टैकपोल ने 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज और लेग स्पिन गेंदबाज के रूप में टेस्ट डेब्यू किया था। लेकिन 1969 की शुरूआत में उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई, जहां उन्होंने बिल लॉरी के साथ मजबूत जोड़ी बनाई।

**इंग्लैंड के खिलाफ खास प्रदर्शन**

कीथ स्टैकपोल ने अपना पहला टेस्ट शतक साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में लगाया था, जबकि उनका सर्वोच्च स्कोर 207 रन इंग्लैंड के खिलाफ 1970 में गाबा (ब्रिस्बेन) में आया। इंग्लैंड के खिलाफ उनका प्रदर्शन बेहद शानदार रहा–उन्होंने 55.21 की औसत से रन बनाए और तीन शतक जमाए। 1972 की एशेज सीरीज में वे इयान चैपल के उपकप्तान थे और सबसे ज्यादा 485 रन बनाए थे। इसके चलते उन्हें 1973 में विज्डन क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी चुना गया।

**अनोखे अंदाज में टेस्ट करियर का अंत**



1974 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में उन्होंने अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेला, जिसमें वे दोनों पारियों में खाता भी नहीं खोल पाए। पहली ही गेंद पर फुल टॉस पर आउट होकर उन्होंने लिखा था–मैंने गेंद को सिर के पास एक गज की दूरी पर देखा और पीछे हट गया, लेकिन बैट के किनारे से लगकर गेंद स्लिप में चली गई। शायद टेस्ट क्रिकेट का पहला मौका था जब कोई बिना गेंद जमीन पर गिरे आउट हो गया!

**पहले वनडे में भी निभाई थी भूमिका**

स्टैकपोल ने 1971 में खेले गए पहले-ᅵᅵ१ वनडे मैच में भी हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने एमसीजी में 3 विकेट लेकर 40 रन दिए थे।

**संपूर्ण करियर और बाद का योगदान**

स्टैकपोल ने फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में 10,100 रन बनाए और 148 विकेट लिए। संन्यास के बाद वे टीवी और रेडियो कमेंट्री की दुनिया में एक जाना-माना नाम बन गए। क्रिकेट जगत उन्हें एक बहुआयामी खिलाड़ी और शानदार विश्लेषक के तौर पर हमेशा याद रखेगा।

# प्रीमियर लीग: इंजरी टाइम में नून्स के गोल से मैनचेस्टर सिटी ने एस्टन विला को 2-1 से हराया

**मैनचेस्टर :** इंग्लिश प्रीमियर लीग में मंगलवार देर रात खेले गए रोमांचक मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी ने मातेउस नून्स के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत एस्टन विला को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग की दौड़ में अपनी उम्मीदों को मजबूती दी।

**अंतिम लम्हों में छिना विला का जीत का सपना**

मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था जब मार्कस रैशफोर्ड के पेनल्टी गोल ने पहले हाफ में बर्नार्डो सिल्वा के शुरूआती गोल को बराबर कर दिया था। लेकिन 94वें मिनट में जेरमी डोकू के शानदार क्रॉस पर नून्स ने गोल दागते हुए सिटी को जीत दिला दी। इस जीत के साथ मैनचेस्टर सिटी ने दो स्थान की छलांग लगाते हुए 61 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। हालांकि, उनके पीछे की तीन टीमें एक-एक मैच कम खेली हैं। वहीं, एस्टन विला 57 अंकों के साथ सातवें स्थान पर कायम है और उसकी एतिहाद स्टेडियम में हार की यह लगातार 15वीं शिकस्त है।



**बर्नार्डो सिल्वा ने दिलाई शुरूआती बढ़त**

मैच के 7वें मिनट में उमर मर्मूश ने विला के राइट बैक मैटी कैश को छकाकर गेंद बर्नार्डो सिल्वा को दी, जिन्होंने गोलकीपर एमिली मार्टिनेज के हाथों को चीरते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया। विला की वापसी 18वें मिनट में हुई जब वीएआर जांच के बाद सिटी के डिफेंडर रूबेन डायस को जैकब रैम्से को पीछे से टक्कर मारने का दोषी पाया गया।

# आईपीएल 2025: दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 8 विकेट से हराया

एजेंसी

**लखनऊ :** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल और अभिषेक पोरेल के अर्धशतकों की मदद से लखनऊ सुपरजायंट्स को 8 विकेट से हरा दिया है। लखनऊ ने एडेन मार्करम के अर्धशतक के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए, जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में दो



विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए राहुल ने 42 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए, जबकि पोरेल ने 36 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान अक्षर पटेल ने 20 गेंदों पर 34 रन की दमदार पारी खेली। जबकि कुरुण नायर सिर्फ 15 रन का योगदान दे सके। लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए दोनों सफलताएं एडन मार्करम को मिले। इससे पहले, लखनऊ ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। लखनऊ के लिए एडन मारक्रम ने 52 रन और मिचेश मार्श ने 45 रन की पारी खेली। इनके अलावा, आयुष बडोनी ने 36 और डेविड मिलर ने 14 रन बनाए। शेष कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। जबकि कप्तान ऋषभ पंत एक बार फिर बल्ले से विफल रहे और बिना कोई खाता खोले पवेलियन लौटे। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मुकेश कुमार ने सबसे अधिक 4 विकेट अपने नाम किए। जबकि दुष्मथ चमीरा और मिशेल स्टार्क को एक-एक सफलता मिली।

न्यूज IN ब्रीफ

# अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया स्वागत



एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों का आगरा के वायुसेना स्टेशन पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत से अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस बेहद प्रसन्नचित नजर आए। बुधवार को सुबह दस बजे के करीब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ आगरा के वायुसेना स्टेशन पर एयरफोर्स टू विमान से पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी अगवानी कर स्वागत किया। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के स्वागत में एयरपोर्ट पर मयूर नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ बीस्ट कार से ताजमहल के लिए निकले। एयरपोर्ट से ताजमहल तक के प्रमुख मार्ग को खुबसूरत तरीके से सजाया गया। जेडी वेंस के स्वागत में मार्ग पर स्कूलों के बच्चे भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का लाभ लेने को 7 मई तक करें आवेदन

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत गरीब छात्र छात्राओं को निः शुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए शासन ने आवेदन मांगा है। आवेदन करने की 7 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। यह जानकारी बुधवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. प्रज्ञा पाण्डेय ने दी है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार योग्य गरीब छात्र छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए यह योजना चलाई है। इच्छुक अभ्यर्थी 7 मई तक आवेदन पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर शैक्षिक एवं अन्य वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ जमा कर सकते हैं।




**संचालित हो रही है नि:शुल्क कोचिंग**

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत के.पी. इण्टरमीडिएट कालेज, निकट मेडिकल चौराहा, प्रयागराज में संचालित यू.पी.एस.सी.,यू.पी.पी.एस.सी., जे.ई.ई., नीट,एस.एस.सी.,यू.पी.एस.एस.एस.सी. की निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, प्रयागराज में 7 मई तक पूर्वान्ह 10.00 से अपरान्ह 4 बजे तक प्राप्त कर शैक्षिक एवं अन्य वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये योजनान्तर्गत– कोर्स को–ऑर्डिनेटर हृदया नन्द यादव दूरभाष नम्बर– 08375834622 व 08687855131 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस अलर्ट,पर्यटन स्थलों की सुरक्षा की गयी कड़ी



एजेंसी

**पटना :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस अलर्ट हो गयी है और आतंकी हमले को देखते हुए बिहार के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा कड़ी कर गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस ने तत्काल अहम बैठक की और सुरक्षा के लिए कई अहम निर्णय लिये,जिसे फॉलो कराया जा रहा है। बिहार के वनों से लेकर नालंदा खंडहर, राजगीर, पावापुरी समेत जिले के अन्य टूरिस्ट प्लेस के चप्पे- चप्पे पर नजर रखने के लिए कई उच्चस्तरीय टीमों का गठन किया गया है। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि राजगीर, नालंदा, पावापुरी समेत जिले का कोई भी पर्यटक स्थल पर आतंकी हमला का कभी इतिहास नहीं रहा है। बावजूद, उनकी संवेदनशीलता को किसी भी सूरत में हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती है। ऐसे में सभी स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजगीर के रोपवे, जू-सफारी, नेचर-सफारी के साथ ही वनों और पहाड़ों पर स्थित तीर्थस्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।पर्यटन स्थलों पर पुलिस की गश्ती भी तेज कर दी गई है। राजगीर की पंच पहाड़ियों के साथ ही विश्व शांति स्थल, अशोक स्तूप, वेणुवन, बौद्धिस्टों का मक्का-मदीना माना जानेवाला वल्चर पीक के हर स्थल पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस ने सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था किये हैं।

## भिलाई की संस्कृति त्रिवेदी ने सिविल सेवा परीक्षा में 17वीं रैंक हासिल की



**रायपुर/दुर्ग :** छत्तीसगढ़ के भिलाई की संस्कृति त्रिवेदी ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 17वीं रैंक हासिल की है।ऑल इंडिया रैंक में संस्कृति को 17वां स्थान मिलने पर दुर्ग वासियों में खुशी है। संस्कृति के पिता आनंद प्रकाश त्रिवेदी भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय की मेकॉन लिमिटेड कंपनी में कार्यरत हैं। संस्कृति शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं और यह उनकी कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है। वे हमेशा टॉपर्स में रही हैं। वर्ष 2022 में उन्होंने 352 वीं रैंक प्राप्त की थी। अपने सेकेंड अटैंप्ट में 17वां स्थान हासिल किया है। वर्तमान में संस्कृति त्रिवेदी इंडियन डिफेंस अकाउंट्स सर्विस में कार्यरत हैं। वह फिलहाल फरीदाबाद में ट्रेनिंग ले रही हैं। संस्कृति तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर हैं। बड़ी बेटी अदानी ग्रुप में कार्यरत हैं, जबकि सबसे छोटा बेटा मुंबई आईआईटी में पढ़ाई कर रहा है।

## छत्तीसगढ़ में आज से मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस फेलो योजना की शुरूआत

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में आज से ह्यमुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस फेलो योजनाह्न की शुरूआत की जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार और भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर के संयुक्त समन्वय से यह कार्यक्रम संचालित होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस में स्नातकोत्तर स्तर का पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा, जिसमें छात्रों को विभिन्न सरकारी विभागों में प्रायोगिक प्रशिक्षण का अवसर भी मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 23 अप्रैल से 11 मई तक आवेदन कर सकते हैं। चयन कैट परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा, और प्रत्येक चयनित छात्र को प्रतिमाह ?50,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। पाठ्यक्रम का सम्पूर्ण व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, जिससे युवा पेशेवरों को शासन और नीति निर्माण में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलेगा।

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी मारे गए



एजेंसी

**बारामूला :** जम्मू- कश्मीर के बारामूला जिले के उरी नाला इलाके में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। एक्स के माध्यम से सेना की चिनार कोर ने कहा कि सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच भारी गोलीबारी हुई है और दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इस दौरान चल रहे ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद हुई है। दो एके 47, एक पिस्तौल और आईईडी भी बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन जारी है।

# भारत के विरुद्ध पाकिस्तान के जिहादी युद्ध का कठोरतम जवाब जरूरी: विहिप नेता डॉ. सुरेंद्र जैन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान और उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित कर घाटी में पुनः सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश किया जाए। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार यात्रियों के कपड़े उतारकर, कलमा पूछ कर और आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है, उनका नरसंहार किया गया, घोर निंदनीय है। इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। डॉ. जैन ने कहा कि 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का दुस्साहस हो रहा है। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के स्लीपर सेल आज भी मौजूद है। सेल पाकिस्तान के इशारे पर ऐसी घृणित कायराना हरकत करने के लिए तैयार रहता है। उन्होंने स्मरण कराया कि कुछ दिन पूर्व एक सांसद ने कहा था कि कश्मीर में जो यात्री या पर्यटक आ रहे हैं या जमीन खरीद रहे हैं वे यहां सांस्कृतिक अतिक्रमण कर रहे हैं। उसके कुछ दिन के बाद ही पाकिस्तान के सेना अध्यक्ष ने कहा कि था हमारे सामने कश्मीर को वापस लेना ही एक मात्र एजेंडा रह गया है। अपने उसे एजेंडे की पूर्ति के लिए ही शायद उसने यहां जिहादी आतंकवादी हमला कराया। डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि यह सामान्य आतंकवादी घटना नहीं है। यह पाकिस्तान की भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा है। इसका जवाब भारत सरकार को शक्ति से देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद के दिन दोबारा लौटने का और पाकिस्तान का कोई नेता या सैन्य अधिकारी इस तरह के शब्द बोलने की दुस्साहस ना कर सके। डॉ. जैन ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता लेकिन उसका मजहब अवश्य होता है, यह साफ दिखाई देता है। उन्होंने सवाल किया कि भारत के मुस्लिम नेता इस निर्मम नरसंहार पर क्यों चुप्पी साधे हैं? वे वक्फ एक्ट का झूठा डर दिखाकर पूरे देश में अफरा तफरी मचा सकते हैं लेकिन, कश्मीर घाटी में मारे गए इन मासूम हिंदू यात्रियों की हत्या के विरोध में सड़क पर उतरने का साहस नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए अन्यथा यह आक्रोश और बढ़ सकता है। विहिप नेता ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्ता 25 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## बलरामपुर जिले के विपुल गुप्ता ने क्रैक की यूपीएससी परीक्षा, बढ़ाया क्षेत्र का मान



**बलरामपुर :** यूपीएससी सिविल सर्विस का फाइनल रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया है। जिले के रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 12 निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी रहे स्वर्गीय मदन प्रसाद गुप्ता की बेटी कवित्री दीपा गुप्ता का पुत्र विपुल गुप्ता संघ लोक सेवा आयोग 2024 की परीक्षा में 368 रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विपुल ने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। शुरू से मेधावी रहे विपुल ने कक्षा पहली से 12वीं तक की पढ़ाई डीपीएस विशाखापट्टनम में की। वही इंजीनियरिंग की पढ़ाई 2022 में आईआईटी मद्रास से पूरी की। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद एक वर्ष तक संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी घर में रहकर पूरी की। वहीं छह माह के लिए दिल्ली से फिजिक्स की तैयारी के लिए कोचिंग क्लासेस किया। संघ लोक सेवा आयोग के 2023 की परीक्षा में सफलता हासिल नहीं हुई। वहीं 2024 संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 368 रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विपुल की मां दीपा गुप्ता कवित्री है, वहीं पिता पवन गुप्ता विशाखापट्टनम स्टील प्लांट में कार्यरत है। विपुल की इस उपलब्धि से पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है।

# शिमला : 600 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, बाप-बेटे की मौत, तीन गंभीर घायल

एजेंसी



**शिमला :** जिला शिमला के चौपाल उपमंडल में एक सड़क हादसे में बाप-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मंगलवार शाम उस वक्त हुआ जब माटल से पुलबाहल की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर रिऊणी के पास गल्लू नाला के समीप करीब 600 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

हादसे की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कुछ ही देर में पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकालकर चौपाल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को गंभीर अवस्था में आइजीएमसी शिमला रैफर किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हादसे का कारण वाहन चालक की लापरवाही मानी जा रही है। कार को दीपक शर्मा (27) निवासी गांव शिल्ली, डाकघर पुलबाहल, तहसील चौपाल चला रहे थे। बताया गया कि दीपक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया जिससे कार सीधे गहरी खाई में जा समाई। हादसे में दीपक शर्मा और उनके पिता राम लाल (57) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों की पहचान राजेश शर्मा (28) निवासी थानाधार पंकज शर्मा (25) निवासी धनेश्वर और सुमन देवी (51) पत्नी स्व. राम लाल के रूप में हुई है। तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए आइजीएमसी भेजा गया है।

## सूरजपुर : शादी समारोह से लौटने के दौरान पलटा पिकअप, दो बच्चों की मौत,11 लोग घायल

एजेंसी

**बलरामपुर/सूरजपुर :** सूरजपुर जिले में बीते देर रात्रि एक दुःखद घटना घटी। शादी समारोह से लौट रहे 25 ग्रामीणों से भरी पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें 11 लोगों की घायल होने की सूचना है। वहीं इस दुखद हादसे में दो बच्चों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जबकि 9 घायलों को गंभीर स्थिति को देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। पूरा मामला चेंद्रा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। सूरजपुर पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, जिले के भंडारपारा निवासी तालिंदर राजवाड़े की पुत्री की शादी ओड़गी ब्लॉक के बिलासपुर निवासी युवक के साथ हुई थी।



शादी में शरीक होने सूरजपुर जिले के ग्राम भंडारपारा के 25 ग्रामीण पिकअप पर सवार होकर गए थे। मंगलवार को शादी समारोह से लौटने के क्रम में पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 29 एसी 6154 रात्रि करीब 10 बजे सूरजपुर जिले के ग्राम बिसाही पोड़ी के नकटी नाला के पास मोड़ में एक पत्थर से टकराकर पलट गया । पिकअप में पुरुष, महिला और बच्चे भी थे। जिसमें पिकअप सवार कई ग्रामीण घायल हो गए।

## कमरे में फंदे से लटका पाया गया छात्र का शव

**प्रयागराज :** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के समीप किराए पर रह रहे बस्ती के छात्र का शव बुधवार को कमरे में फंदे से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि बस्ती जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मस्जिदया गांव निवासी संजीव कुमार मौर्य 24 वर्ष पुत्र रामलोट मौर्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रयागराज के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के पास किराए का कमरा लेकर रहता था। बुधवार सुबह आशंका होने पर पड़ोस में रहने वालों ने उसके कमरे में देखा तो वह फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। यह जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस टीम को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर उसके परिवार से सम्पर्क किया और विधिक कार्रवाई की। जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## मणिपुर में तलाशी अभियान जारी, हथियार और विस्फोटक बरामद

**इंफाल :** मणिपुर के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में इंफाल ईस्ट जिले के हेंगांग थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोंगजम के पहाड़ी इलाके से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

अधिकारिक सूत्रों द्वारा बुधवार को दी गई जानकारी के अनुसार, तलाशी अभियान के दौरान एक कार्बाइन, एक एसएलआर राइफल, सात मैगजीन, 73 जिंदा कारतूस, 37 खाली खोखे और एक बाओफेंग सेट चार्जर सहित बरामद किया गया। सुरक्षा एजेंसियां इस बरामदगी को हालिया तनावपूर्ण स्थिति और संभावित उग्रवादी गतिविधियों से जोड़कर देख रही हैं। मामले की जांच जारी है।

## भीलवाड़ा : मंदिर में चौकीदार की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**भीलवाड़ा :** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित अयप्पा मंदिर में मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मंदिर में पिछले 15 वर्षों से चौकीदारी कर रहे लाल सिंह रावणा की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित ने चौकीदार के सिर और प्राइवेट पार्ट पर खुरपे से कई वार किए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद मंदिर परिसर खून से सन गया था। सूचना मिलते ही सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हत्या के महज एक घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपित दीपक नायर को प्रतापनगर थाना क्षेत्र से डिटेन कर लिया। दीपक दक्षिण भारतीय युवक है और मंदिर में अक्सर आता-जाता रहता था। पुलिस के अनुसार, वह एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# सराफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

- लखटकिया होने के बाद सोने के भाव में आई गिरावट

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इसके पहले मंगलवार को हाजिर सोना और चांदी (फिजिकल गोल्ड और फिजिकल सिल्वर) के भाव में जोरदार तेजी दर्ज की गई थी। दिन के कारोबार में 24 कैरेट सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को भी पार कर गया था। हालांकि इस तेजी के बाद करेक्शन का दौर बन गया, जिसकी वजह से सोने की चाल में गिरावट का रुख बन गया। सराफा बाजार में आज आई मामूली गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,350 रुपये से लेकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,150 रुपये से लेकर 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सराफा बाजार में 1,01,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### वैवाहिक समारोह संपन्न, वर वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे लोग





स्थानीय झुमका मोहल्ला वार्ड नं 9 निवासी अनिल पांडेय एवं गीता देवी के सुपुत्र चिरंजीवी नरेश पांडे का शुभ विवाह आयुष्मती शिवानी के साथ संपन्न हुआ।आज प्रीतिभोज के अवसर पर परिजन, मित्रगण एवं शुभचिंतक तथा जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विकास कुमार मिश्रा एवं झारखंड के वरीय पत्रकार विनय मिश्रा ने भी उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद दिया।

### कब के बिछड़े हुए हम आज कहां आके मिले



**बिनय मिश्रा : जेएलएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास जेएलएन कॉलेज के छात्र अपने जीवन के स्वर्णकाल पूरे कर पहुंचे कॉलेज कैंपस में आज और इस गाने को चरितार्थ किया अभी अलविदा मत कहो दोस्तों ना जाने कहां कब मुलाकात हो** यह। गाना केवल फिल्म तक ही सीमित नहीं बल्कि जीवन के यथार्थ से भी जुड़े हैं।1971 से 1973 तक जेएलएन कॉलेज के छात्र युवा से वृद्ध हो चले ये छात्र गण सामुहिक रूप में कॉलेज आ पहुंचे तो प्राचार्य डॉ श्रीनिवास हतप्रभ रह गए और उनका जोरदार स्वागत भी किया और इस गौरवपूर्ण क्षण को ऐतिहासिक बताया। ये विद्यार्थी उच्च पदों पर रहने के पश्चात सेवानिवृत्त हो चुके हैं लेकिन उनका जज्बा आज भी बरकरार है। महाविद्यालय पहुंच कर ये छात्र काफी आनंदित हुए। वहीं जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विकास कुमार मिश्रा भी इस मौके पर उपस्थित रहे।? श्री मिश्रा इस महाविद्यालय के छात्र रहने के साथ साथ इस महाविद्यालय में अध्यापन भी कराया है जो इस महाविद्यालय के लिए उपलब्धिऔर गौरव की बात है।

### श्री श्री 108 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनेगा

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित अंबेराडीह ग्राम में श्री श्री 108 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है , 22 अप्रैल 2025 के सुबह आठ बजे सनातनी हिन्दू धर्मलम्बीयों के सहयोग से, परंपरागत वेशभूषा में महिलाएं , युवतियों और बच्चियों द्वारा श्री श्री 108 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से पांच हजार कलशों का भव्य आकर्षक कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो अंबेराडीह ग्राम के विभिन्न मुख्य मार्गो से होते हुए, स्थानीय जलाशय में पहूंचकर रोहित पंडित जी के मंत्रोच्चारण के साथ पांच हजार कलशों का जलभरी क्रार्यक्रम सम्पन्न होगा और बाद में अंबेराडीह ग्राम के विभिन्न मुख्य मार्गे से गुजरते हुए , पुनः श्री श्री 108 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पहूंचकर कलशस्थापित क्रार्यक्रम के साथ ही साथ पूजा अर्चना एवं विभिन्न अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित की जाएगी तथा 23 अप्रैल 2025 हरि कीर्तन, प्रसाद वितरण सहित भंडारा कार्यक्रम के बाद ग्यारवीं वार्षिकोत्सव समारोह संध्या के समय संपन्न होगा ।

### कश्मीर हमले पर विहिप का आक्रोश, 25 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी विरोध का ऐलान

**जमशेदपुर :** विश्व हिंदू परिषद सिंहभूम के विभाग मंत्री अरुण सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे पाकिस्तान प्रायोजित 'मजहबी आतंकवाद' करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक जिहादी मानसिकता अब खुले युद्ध की घोषणा कर चुकी है और भारत सरकार को इसका मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। अरुण सिंह के अनुसार, यात्रियों की पहचान कर, उन्हें कलमा सुनाने को कहना और फिर हत्या करना, 1990 के आतंकवाद की पुनरावृत्ति है।उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित स्लीपर सेल अब भी सक्रिय हैं और हाल ही में एक सांसद और पाकिस्तानी सेना प्रमुख द्वारा दिए गए बयान इस षड्यंत्र की पुष्टि करते हैं। सिंह ने मुस्लिम नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड जैसे मुद्दों पर आवाज उठाने वाले लोग कश्मीरी हिंदू यात्रियों की हत्या पर मौन क्यों हैं?विहिप और बजरंग दल इस घटना के विरोध में 25 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करेंगे। सिंह ने सरकार से आतंकवाद का समूल नाश करने और पाकिस्तान को कठोर संदेश देने की मांग की है।

### आठ लेन पर कब्जा किए 105 गाड़ियों से वसूला जुर्माना

धनबाद : आठ लेन सड़क पर अतिक्रमण करनेवालों के खिलाफ नगर निगम ने पहली बार बड़ी कार्रवाई की है। असर्फी अस्पताल के सामने अवैध रूप से वाहन की पार्किंग करनेवाले 105 लोगों से निगम ने जुमार्ना वसूला। इतना ही नहीं, एक एंबुलेंस और एक चारपहिया वाहन को जब्त कर निगम ने उसे अवैध पार्किंग स्थल से उठा लिया।
नगर निगम और ट्रैफिक विभाग ने मंगलवार को असर्फी अस्पताल के सामने सड़क पर पार्किंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। वहां पूरा एक लेन अवैध पार्किंग से बंद हो गया है। यहां घंटों जाम की स्थिति रहती है। कई बार तो अस्पताल आनेवाले मरीजों की एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है। ट्रैफिक विभाग के सार्जेंट राकेश दुबे और निगम के फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने इस अभियान का नेतृत्व किया। ट्रैफिक विभाग ने सड़क पर खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहन से 70 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया है। वहीं दो जब्त वाहनों से भी जुमार्ना वसूलने के बाद छोड़ा जाएगा। निगम की इंफोर्समेंट टीम ने 105 वाहनों को अवैध पार्किंग स्थल पर पकड़ा। नगर आयुक्त के निर्देश पर अब इस सड़क पर नो पार्किंग का बोर्ड लगाने की तैयारी नगर निगम कर रहा है। यहां अवैध पार्किंग की वजह से असर्फी अस्पताल के पीछे रहनेवाले मोहल्ले के लोग सबसे अधिक परेशान थे। नगर निगम और ट्रैफिक विभाग की टीम ने अवैध पार्किंग के लिए 105 वाहनों से जुमार्ना वसूला। दोपहर बाद इस लेन पर फिर से एंबुलेंस और वाहनों की पार्किंग हो गई।

### शालीमार-ओखा एक्सप्रेस में लगेगा एलएचबी कोच

जमशेदपुर। टाटानगर से गुजरने वाली शालीमार-ओखा एक्सप्रेस में 25 मई से एलएचबी कोच लगेगा। यात्रियों की सुविधा में दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने आदेश दिया है। इससे ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने में रेलवे को सुरक्षित सहूलियत होगी, जबकि कोच में सीटें बढ़ेंगी। मालूम हो कि, टाटानगर से चल रही कई ट्रेनों में एलएचबी कोच लगाए जा रहे हैं। इससे यात्रा अधिक सुरक्षित और आरामदायक हो गई है।

# सड़क पर पलटा बालू लदा हाइवा, बाल-बाल बचा कार सवार



मेट्रो रेज संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 33 पर स्थित चौका ओवरब्रिज पर बुधवार की सुबह एक गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हुई। बालू से लदा एक तेज रफ्तार हाइवा और एक कार के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में जहां कार सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए, वहीं हाइवा चालक भी किसी बड़ी अनहोनी से सुरक्षित बच निकला।
कार में दो पुरुष, तीन महिलाएं और एक छोटा बच्चा सवार थे, जो जमशेदपुर से रामगढ़ की ओर जा रहे थे। टक्कर के बाद कार में सवार छोटे बच्चे को गंभीर चोट आई, जिसे त्वरित इलाज के लिए जमशेदपुर भेजा गया। कार में सवार एक महिला को भी हल्की चोटें आईं।
घटना के तुरंत बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही चौका थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कार सवार सभी यात्रियों को इलाज के लिए जमशेदपुर भेजा। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाना ले जाया।
तेज रफ्तार बना हादसे का कारण : चौका ओवरब्रिज पर हुए हादसे में बालू से लदा हाइवा टक्कर के बाद फोरलेन सड़क के डिवाइडर पर पलट गया, जिससे हाइवा पर लदा बालू पूरी सड़क पर बिखर गया। टक्कर में कार का दाहिना हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।
हादसे की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हाइवा का एक अगला चक्का अलग होकर सड़क पार करते हुए एक मकान तक जा पहुंचा। स्थानीय लोगों के अनुसार, हाइवा अत्यधिक तेज गति में था।
टक्कर के बाद हाइवा ने सड़क पर लगे एक स्ट्रीट लाइट पोल को भी उखाड़ दिया, जिससे सड़क की रोशनी प्रभावित हुई। गौर करने वाली बात यह है कि हाइवा पर कोई नंबर प्लेट नहीं था। दुर्घटना में हाइवा का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।

## मोटरसाइकिल और स्कूटी में सीधी टक्कर फादर की दुर्घटनास्थल पर हुई मौत



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला सदर थाना स्थित नेशनल हाईवे 23 गुमला रांची मार्ग पर स्थित करम डीपा के पास सोमवार के संध्या लगभग 8:00 बाइक और स्कूटी के बीच सीधी टक्कर हो जाने के कारण गुमला लूथेरन चर्च के फा० सोमनाथ होहांग जो अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर रांची से गुमला आ रहें थें की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और स्कूटी सवार युवक - युवती को भी गंभीर चोट आई हैं, बाद में सभी आनन-फानन में इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने लुथेरन चर्च के सोमनाथ होहांग को मृत घोषित कर दिया जबकि स्कूटी सवार एक व्यक्ति को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया जबकि एक व्यक्ति को गुमला निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं, उक्त सड़क दुघर्टना की सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, गुमला सदर अस्पताल में पहूंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

## छात्रों ने बीडीओ से की पुस्तकालय में पुस्तक उपलब्ध कराने का अनुरोध

गुमला : गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी पुस्तकालय समय पर नही खुलने की समस्या को ले कर महात्मा गांधी पुस्तकालय घाघरा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष पहूंचकर हस्ताक्षर युक्त आवेदन देते हुए कहा कि निर्धारित समय पर उक्त पुस्तकालय नहीं खुलने एवं जनवरी के बाद से मासिक पत्रिका और नवीनतम पुस्तक उपलब्ध नहीं होने के कारण पुस्तकालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही है । साथ ही उन्होंने विभिन्न समस्या के समाधान करने का अनुरोध किया गया है।

## चक्रधरपुर नगर परिषद दास्तां - दो



चक्रधरपुर नगर परिषद तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार के बेहतर और उत्कृष्ट कार्यों के फल स्वरुप चक्रधरपुर नगर परिषद को काफी ऊंचाई पर ले गए और पूरे राज्य में चक्रधरपुर नगर परिषद को एक सशक्त पहचान देने में भी सफल रहे सड़क निर्माण की बात हो या फिर नाली की जन सुविधा की बात हो या प्रधानमंत्री आवास निर्माण की विवाह मंडप के साथ-साथ अंकी महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतर कर चक्रधरपुर नगर परिषद की पहचान को काफी सशक्त बनाने में सफल रहे थे वाहनों की सुविधा कर्मचारी के साथ बेहतर तालमेल का ही यह परिणाम था कि चक्रधरपुर नगर परिषद विकास कार्यों के दिन बीताने में सफल रहा सुशील कुमार चक्रधरपुर नगर परिषद के वैसे सफलतम कार्यपालक पदाधिकारी रहे जिन्होंने चक्रधरपुर नगर परिषद को नगर विकास विभाग के सामने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से इसे काफी प्रसिद्ध भी दिलाई स्वच्छता अभियान में निरंतर कई बार पुरस्कृत भी हुए किंतु वर्तमान समय में कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार यादव के शिथिलता और उदासीनता के कारण चक्रधरपुर नगर परिषद अपने अवस्था पर आठ आठ आंसू बहाने को दिवस है कर्मचारी से लेकर राम जनमानस उनके कार्य प्रणाली से त्रस्त है और सबों का मानना है कि वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी अपने कार्यों का निष्पादन करने में पूर्ण रूप से सफल रहे थे और इसी का यह परिणाम है कि कभी बेहतर नगर परिषद के रूप में पहचाने जाने वाला चक्रधरपुरनगर परिषद अब अराजकता का शिकार हो गया है इसके मूल वजह वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार यादव हैं।

## पुलिस ने सात गौवंशीय पशुओं को किया जब्त

### जिमेंनामा पर पांच ग्रामीणों के बीच बांट दिया गया

**गुमला :** छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिला क्षेत्र और झारखंड राज्य बॉर्डर क्षेत्र गुमला जिला अंतर्गत स्थित गुमला सदर थाना के कोटाम पिकेट पुलिस ने छत्तीसगढ़ जशपुर से तस्करी कर सात गौवंशीय पशुओं लोहरदगा लेजाने के क्रम में , कोटाम पिकेट पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की कोटाम ग्राम के रास्ते एक पिकअप वैन में लोड कर सात गौवंशीय पशुओं को गौतस्कर गौकशी के लिए लोहरदगा जिला लेजाया जा रहा हैं, उक्त गुप्त सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु कोटाम पिकेट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घाटनास्थल के तरफ रवाना हुआ , इसी क्रम में पुलिस को अपने पिछे आते देख पीकअप वैन में सवार गौतस्करों ने उक्त सात गौवंशीय पशुओं को उतार कर भागने में सफल रहें , उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर कोटाम पिकेट पुलिस ने सात गौवंशीय पशुओं को किया जब्त जिसमें दो गौवंशीय पशुओं को मृत पाया गया, बाद में उक्त बचें पांच गौवंशीय पशुओं को स्थानीय ग्रामीणों के बीच लिखित जिमेंनामा पर पांच ग्रामीणों के बीच बांट दिया गया।

## डीडीसी ने सुनी जनता की समस्याएं निदान को लेकर दिए कई निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिले के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आम जनों के विभिन्न मुद्दों की सुनवाई की गई। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उप विकास आयुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझ्एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।
रायडीह प्रखंड अंतर्गत गांव लुरु से हेसाग (छापर पोखरा) तक सड़क निर्माण का कार्य 2024 में शुरू किया गया था। लेकिन अबतक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया।
सिलाफरी पंचायत अंतर्गत भरदा गांव में पेयजल की समस्या है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उप विकास आयुक्त से मिलकर आवेदन देकर उन्होंने नागफेनी जलापूर्ति केंद्र से पेयजल आपूर्ति की जाए। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया।
इसके अतिरिक्त आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से तबादला करने हेतु, पीएम आवास की किस्त,भूमि विवाद, नौकरी,आर्थिक सहायता, जमीन मापी,सड़क,नाली,अबुआ आवास,राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आश्रित को नौकरी एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु आवेदन आये। आज उप विकास आयुक्त उपायुक्त ने लगभग 30 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

# नौ आवासीय स्कूलों में 575 सीटों पर होगा नामांकन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड शिक्षा परियोजना धनबाद की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक में मंगलवार को आवासीय विद्यालयों में प्रस्तावित नामांकन सूची पर चर्चा हुई। बैठक में एक-एक विद्यालय की सूची की समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद जिले के छह कस्तूरबा गांधी आवासीय व तीन झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन के लिए हरी झंडी दे दी है। 575 सीटों पर नामांकन होगा। बैठक की अध्यक्षता पीयूष सिन्हा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने की। डीईओ अभिषेक झा ने स्कूलवार प्राप्त आवेदन, सीटों की संख्या समेत अन्य बिंदुओं को रखा।
झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय धनबाद प्रखंड में अल्पसंख्यक बालिका, अति पिछड़ा वर्ग के छह छात्राओं के मामले को विधायक प्रतिनिधि ने उठाया। उसके बाद छह लड़कियों के आवेदन की जांच का आदेश वार्डेन को दिया गया। छह छात्राओं को छोड़कर सभी नौ आवासीय विद्यालयों में नामांकन शुरू करने को कहा गया। बैठक में निरसा विधायक अरूप चटर्जी, डीईओ अभिषेक झा समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि, सभी प्रखंड के बीईईओ, वार्डेन समेत अन्य मौजूद थे।
छह कस्तूरबा स्कूलों में 75-75 सीटें
कक्षा छह में बलियापुर कस्तूरबा व गोविंदपुर कस्तूरबा में 75-75, झरिया कस्तूरबा में कक्षा छह में 75, सातवीं कक्षा में 3 व आठवीं में चार, तोपचांची में कक्षा छह में 75 व निरसा में 50 नामांकन होगा। निरसा में 25 सीटों पर उत्कृष्ट विद्यालय के आधार पर चयन परीक्षा से नामांकन हुआ है। टुंडी में कक्षा छह में 75, सातवीं में 7 व नौवीं में 3 छात्राओं का नामांकन होगा। झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय पूर्वी टुंडी, बाघमारा व धनबाद में 50-50 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा।
कक्षा छह के लिए प्राप्त आवेदन बलियापुर 181, गोविंदपुर 217, झरिया 108, तोपचांची 165, निरसा 159, टुंडी 199, पूर्वी टुंडी 96, बाघमारा 183 व धनबाद के लिए 92 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## रेलवे ने कीताडीह से हटाया अतिक्रमण, बस्तियों में हड़कंप

जमशेदपुर। टाटानगर रेलवे इंजीनियरिंग विभाग ने बुधवार को कीताडीह में बुधवार दोपहर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अतिक्रमण हटाने के दौरान सुरक्षा को लेकर आरपीएफ और स्थानीय पुलिस के दर्जनों जवान मौजूद थे। बुलडोजर चलने से बस्ती के लोगों में हड़कंप मचा है। बताया जाता है कि, अभी 16 मकान-दुकान को हटाया जा रहा है लेकिन रेलवे की विकास योजना के कारण अन्य बस्तियों में दर्जनों कच्चे-पक्के मकान तोड़े जाएंगे। रेलवे ने 10 अप्रैल तक जमीन खाली करने का नोटिस दिया था। फिर माइक से घोषणा कर रेलवे ने चेतावनी भी दी थी, लेकिन रेलवे की जमीन खाली नहीं हुई। इससे बुलडोजर दौड़ा है।

## फ्लाईओवर निर्माण को लेकर रूट डायवर्जन का ट्रॉयल, कल भी होगा ट्रॉयल

**जमशेदपुर :** शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और फ्लाईओवर निर्माण कार्य को समय पर संपन्न कराने को लेकर बुधवार को ट्रॉयल किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि भारी मालवाहकों की प्रवेश वर्जित रहेगी। ट्रैफिक डीएसपी श्रीनीरज ने बताया कि ट्रॉयल गुरुवार को भी होगा। ट्रॉयल के बाद ट्रैफिक व्यवस्था की निगरानी की जाएगी, ताकि किसी तरह की समस्या हो तो उसमें समय समय पर बदलाव किया जाएगा। प्रस्तावित रूट डायवर्जन का ट्रायल किया गया, ताकि निर्माण के दौरान लोगों को कम से कम असुविधा हो। ट्रॉयल के बाद 24 अप्रैल से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। दरभंगा डेयरी से लेकर ब्लू बेल्स स्कूल तक के रास्ते को डायवर्ट किया जाएगा। यह डायवर्जन अस्थायी होगा और निर्माण कार्य की प्रगति के अनुसार, इसे चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा।

# बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, दिए कई दिशा - निर्देश



मेट्रो रेज संवाददाता

गुमला : गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष को दिए गए कई दिशा निर्देश ।
पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ एनएफएसए एवं ग्रीन कार्ड वितरण का समीक्षा करते हुए आगामी एक सप्ताह के अंदर एनएफएसए एवं ग्रीन कार्ड वितरण प्रतिशत में वृद्धि करने का निर्देश दिया गया । साथ ही समीक्षा में जन वितरण प्रणाली हापामुनि के दुकानदार लालदेव उरांव सहित अन्य दुकानदारों को प्रतिशत बहुत ही कम पाया गया उन्हें कड़ी चेतावनी के साथ एक सप्ताह के अंदर वितरण में वृद्धि हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को दिनांक 24.4.2025 को प्रखंड कार्यालय में होने वाली रक्तदान शिविर में अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत दो-दो ब्लड डोनेटर्स उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया ।
आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा करते हुए सेहल, नौडीहा, घाघरा, देवाकी, कुही, चुन्दरी, एवं रुकी पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को एक सप्ताह के अंदर सभी निमार्णाधीन केंद्रों को पूर्ण कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का निर्देश दिया गया ।
वहीं मुखिया, पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवक को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए मनरेगा द्वारा पूर्व में संचालित योजनाएं जो पूर्ण हो चुकी है वैसे योजनाओं को जल्द से जल्द क्लोज करने तथा पद जनरेशन के अंतर्गत पंचायत बार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप मजदूरों की संख्या बढ़ाने हेतु निर्देश दिया गया तथा आवास योजना का समीक्षा करते हुए स्वीकृति प्राप्त लाभुकों से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ जिन लाभों का द्वितीय तृतीय किस्त प्राप्त है वैसे आवासों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया तथा उक्त आवास योजना के अंतर्गत वैसे लाभुक जो पलायन कर चुके हैं अथवा आवास का लाभ लेने के इच्छुक नहीं है , वैसे लाभुकों की सूची कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु सभी मुखिया पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक को निर्देश दिया गया ताकि वैसे लाभुकों का नाम प्रतीक्षा सूची से हटाया जा सके । वहीं बैठक में 24.4.2025 को प्रखंड कार्यालय में आयोजित होने वाली सभी मुखियाओं से अपने-अपने पंचायत से पांच रक्तदान करता उक्त तस्वीर में उपस्थित करने हेतु अनुरोध किया गया , साथ ही रक्तदान की विषय पर बीडीओ ने कहा कि रक्तदान एक महादान है जिससे गंभीर रोगियों की जान बचाई जा सकती है । उक्त बैठक में सभी पंचायत के मुखिया, प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी, बीपीओ मनरेगा, प्रखंड समन्वयक आवास विभाग, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सहायक, एवं अन्य प्रखंड पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे ।